RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 141 • 11:09:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

# प्रधानमंत्री ने शोध पारिस्थितिकी तंत्र की बाधाओं को दूर करने पर बल दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के शोध पारिस्थितिकी तंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर नवगठित अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) की पहली गवर्निंग बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को पुनः डिजाइन करने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज एनआरएफ की शासी निकाय की पहली बैठक के साथ एक नई शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री ने बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, उन्हें प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने और पथ-प्रदर्शक अनुसंधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनुसंधान को मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती हैं, लेकिन उनका समाधान भारतीय आवश्यकताओं के अनुसार स्थानीय होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने विशेषज्ञता के आधार पर डोमेन विशेषज्ञों की सूची तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने की भी बात की, जहां देश में हो रहे शोध और विकास से जुड़ी जानकारी को आसानी से ट्रैक किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने अनुसंधान और नवाचार के लिए संसाधनों के उपयोग की वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वाकांक्षी शुरुआत है, उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक समुदाय को यह विश्वास होना चाहिए कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। अटल टिंकरिंग लैब्स के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन प्रयोगशालाओं की ग्रेडिंग की जा सकती है। उन्होंने पर्यावरण परिवर्तन के लिए नए समाधान, ईवी के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान, शासी निकाय ने हब और स्पोक मोड में एक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया, जिसमें उन विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाएगा, जहां अनुसंधान प्रारंभिक अवस्था में है तथा उन्हें मेंटरशिप मोड में शीर्ष स्तरीय स्थापित संस्थानों के साथ जोड़ा जाएगा। शासी निकाय ने एएनआरएफ के रणनीतिक हस्तक्षेप के कई क्षेत्रों पर भी चर्चा की, जिसमें प्रमुख क्षेत्रों में भारत की वैश्विक स्थिति, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ अनुसंधान एवं विकास को संरेखित करना, समावेशी विकास को बढ़ावा देना, क्षमता निर्माण, वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाना। साथ ही उद्योग-संरेखित अनुवादात्मक अनुसंधान के माध्यम से शैक्षणिक अनुसंधान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटना शामिल है। एएनआरएफ इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) गतिशीलता, उन्नत सामग्री, सौर सेल, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रौद्योगिकी, सतत कृषि और फोटोनिक्स जैसे चुनिंदा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मिशन मोड में समाधान-केंद्रित अनुसंधान पर कार्यक्रम शुरू करेगा। शासी निकाय ने देखा कि ये प्रयास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारे प्रयासों को प्रभावी रूप से पूरक बनाएंगे।

## प्रधानमंत्री आज सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को सुबह करीब 10:30 बजे उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री का विजन भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस विजन के अनुरूप, सेमीकॉन इंडिया 2024 का आयोजन 11 से 13 सितंबर तक "शेपिंग द सेमीकंडक्टर फ्यूचर" थीम के साथ किया जा रहा है। 11 से 13 सितंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत की सेमीकंडक्टर संबंधी रणनीति और नीति को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भारत को सेमीकंडक्टर के लिए वैश्विक केंद्र बनाना है। इसमें वैश्विक सेमीकंडक्टर दिग्गजों के शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी होगी और सेमीकंडक्टर उद्योग के वैश्विक नेता, कंपनियां, विशेषज्ञ एक साथ आएंगे। सम्मेलन में 250 से अधिक प्रदर्शक और 150 वक्ता भाग लेंगे।

## जनहित में नगर निगम मूलभूत कार्यों में फिसड्डी सबित हो रहा

**चाणक्य भूमि बेतिया**

### महापौर और नगरआयुक्त में तालमेल के अभाव के कारण पिसे जा रहे हैं नागरिक और मालामाल हो रहे है अवैध धंधेबाज




स्थानीय नगर निगम प्रशासन और महापौर में तालमेल के अभाव के कारण नगर निगम के निवासियो को कई सुविधावो से वंचित होना पड़ रहा है तो वही अवैध धंधेबाज मालोमाल हों रहे है l नगर निगम की बैठकों में जनहितकारी मुद्दों पर तो चर्चाएं होती है लेकिन उन मुद्दों को कार्य रूप प्रदान करने में नगर प्रशासन पूर्णतः सफल नहीं हो पता है l दृष्टांत के तौर पर 29 जून 2024 की सशक्त स्थाई समिति की बैठक में लिए गए निर्णय का प्रस्ताव पंजी ही हैं l जिसमें कई जनहितकारी प्रस्ताव पारित कर उसे अमली जामा पहनाने का निगम द्वारा मोहर लगाया गया l लेकिन सर जमीन पर वह दृष्टिगोचर नहीं हो सका है l शहर के कई स्थानों पर अवैध रूप से शुल्क की वसूली हो रही हैं l इस व्यवस्था को कौन संरक्षण दे रहा है यह आमजन से छिपा नहीं है lआमजन में यह चर्चा आम हो गई है कि महापौर एवं नगर निगम आयुक्त में आपस में बनती नहीं है, तभी तो जनता परेशान हो रही है l उन साइकिल स्टैंड से अवैध धंधे बाज मालोमल हो रहे हैं l उन पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है l निश्चित तौर पर उनकी कहीं ना कहीं विभाग की मिली भगत तो है ही l वहीं दूसरी तरफ सड़कों के किनारे की अवैध ढंग से लगने वाली दुकानों से भी वसूलिया होती है l एक तरफ यह निर्णय होता है, कि सड़कों के किनारे की अवैध दुकानदारों की अतिक्रमण को हटाया जाएगा l हटाया भी जाता है l फिर दो-चार दिन के बाद स्थिति जस की तस हो जाती है l ऐसे दुकानदारों से वसूलिया प्रतिदिन होती है l भला यह कौन नहीं समझ पाएगा, कि बगैर मिली भगत का यह संभव नहीं है l नगर निगम प्रशासन शहर को स्वच्छ रखने के लिए वैधानिक रूप से प्रतिबद्ध है, लेकिन इस स्वच्छता का कहानी यह है, कि बहुत तेरे व्यवसायियों व्यापारियों को निजी तौर पर साफ सफाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है l एक खास बात जो काफी गौर करने वाला है, कि नगर निगम प्रशासन की तरफ से आम नागरिकों का समस्याओं से संबंधित सूचना देने का आमंत्रण प्राप्त है l प्रशासन द्वारा यह विश्वास भी दिलाया गया है, कि सूचना प्राप्ति के उपरांत संदर्भित विषय पर प्रशासन द्वार त्वरित कार्रवाई की जाएगी l नगर प्रशासन नागरिकों के शिकायत का निवारण त्वरित रूप से करेगा यह तो दूर की बात है विलंब से भी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है l बहुत से नगर पार्षद भी की कर्तव्य विमुढ जैसे दिखाई पड़ रहे हैं l बहुत तेरे लोगों ने शिकायत की शहर के विभिन्न वार्डों में गलियों में स्ट्रीट लाइट बुझी हुई पड़ी है, लेकिन उन्हें बदला नहीं जा सका है या उसकी मरमती नहीं कराई जा सकी है l मोहल्ला गलियों की 10 फीट से लेकर 100 फीट तक की टूटी फूटी सड़कों की मरमती करने के लिए भी अनेकों शिकायतें अनुरोध नगर प्रशासन के पास अनदेखी रूप में पड़ी हुई है l प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों के आपसी सामंजस्य के अभाव के कारण आम नागरिक पिसे जा रहे हैं l

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया तो केंद्रीय मंत्री चौहान भड़क गए बोले- विदेशों में ऐसी बातें नहीं करना चाहिए



**नई दिल्ली।** डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत में विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि भारत, अमेरिका और पश्चिम के अन्य देश बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहे हैं, जबकि चीन में ऐसा नहीं है क्योंकि वह वैश्विक उत्पादन पर हावी है। इस पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भड़क गए और उन्होने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि विदेशी धरती पर इस तरह से देश की छवि खराब करना 'राष्ट्र-विरोधी' कृत्य है। चौहान ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'राहुल गांधी (लोकसभा में) विपक्ष के नेता हैं और विपक्ष का नेता देश के प्रति जवाबदेह है। विदेश में देश की छवि खराब करना राष्ट्र विरोधी कृत्य है और कोई भी देशभक्त ऐसे कृत्यों में लिप्त नहीं होता।' केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस के लोकसभा चुनाव हारने से राहुल गांधी हताश हैं और अपनी हताशा को बेबुनियाद तरीके से व्यक्त कर रहे हैं।अपने एक रिश्तेदार के निधन के चलते यहां आए चौहान ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लाखों कार्यकर्ता तैयार किए हैं, जिन्होंने अपना जीवन भारत के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, भाजपा आदि दलों की राजनीति राष्ट्र तक ही सीमित होनी चाहिए और किसी को भी यह एहसास होना चाहिए कि वह विदेश में रहते हुए देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है।

### मुसलमानों से छिन जाएंगी मस्जिदें



**रांची।** इस समय एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें यह भी कहा जा रहा है कि इस बिल के जरिए मुसलमानों से मस्जिद, मदरसा और क्रबिस्तानों को छीन लिया जाएगा। जेपीसी सदस्य और भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने इस दावे को पूरी तरह खारिज किया है। उन्होंने कहा कि वह बिल को 100 बार पढ़ चुके हैं और इसमें ऐसा कुछ नहीं है। वायरल वीडियो में एक मुस्लिम शख्स कंधे पर साउंडबॉक्स रखे हुए है तो दूसरा माइक से वक्फ बोर्ड बिल को लेकर कई तरह के दावे कर रहा है। एक बाजार से गुजरते हुए लगातार कई दावे किए जा रहे हैं। इसमें कहा जाता है, वक्फ संसोधन बिल 2024 संसद में पेश किया गया है। यह पास नहीं हो पाया है। इसे जेपीसी के पास भेजा गया है और जेपीसी ने इस पर राय मांगी है। तमाम हजरात से, भाइयों-बहनों से गुजारिश है कि सब अपनी अपनी राय पेश करें। घर का कोई मोबाइल खाली ना रहे। बच्चे-बच्चे के पास मोबाइल है। अपने फोन के जरिए से इस बिल के खिलाफ राय पेश करें। याद रखें कि यदि बिल पास हो गया तो हमारी मस्जिदें छिन जाएंगी, मजारें छिन जाएंगी, कब्रिस्तान छिन जाएंगे।

## राष्ट्रपति ने भाजपा की दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने की मांग को गृह सचिव को भेजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में संवैधानिक रिक्तता का हवाला देते हुए प्रदेश भाजपा ने राष्ट्रपति को दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने का ज्ञापन सौंपा है। अब राष्ट्रपति ने इस ज्ञापन को गृह सचिव को आगे विचार के लिए भेजा है। इसके बाद से दिल्ली में राजनीति गरमा गई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। भाजपा उनसे इस्तीफे की मांग कर रही है और वे इसके लिए तैयार नहीं है। इसके चलते दिल्ली सरकार में कई कामकाज रुके हुए हैं। इन्हीं का हवाला देते हुए भाजपा प्रदेश सरकार को बर्खास्त करने की मांग कर रही है। दिल्ली प्रदेश भाजपा नेता एवं विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने आज इसकी जानकारी दी है और राष्ट्रपति सचिवालय से प्राप्त पत्र साझा किया है। इसमें उनके ज्ञापन पर की गई कार्यवाही का जिक्र है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में लगातार हो रहे संवैधानिक उल्लंघनों और शासन की विफलताओं के चलते उनके साथ सभी भाजपा विधायकों ने 30 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर दिल्ली सरकार की नाकामियों का ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने आगे कहा कि ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रपति ने इसे उचित कार्यवाही के लिये गृह सचिव को भेज दिया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी आम आदमी पार्टी के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की खबरों पर अपनी बात साझा करते हुए वरिष्ठ आआपा नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि,भाजपा चोर दरवाजे से दिल्ली की चुनी हुई सरकार को बर्खास्त करना चाहती है। उन्होंने कहा कि, भाजपा का एक मात्र काम चुनी हुई विपक्षी सरकारों को गिराना है। वहीं सांसद संजय सिंह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में एक बार फिर हारेगी।

## निष्पक्ष चुनाव होते तो बीजेपी 246 सीटें भी नहीं जीतती : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### हमारे बैंक खाते बंद कर दिए, उनके पास था बहुत बड़ा आर्थिक तंत्र



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी मंगलवार को जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी पहुंचे। यहां राहुल गांधी ने छात्रों के साथ संवाद किया। राहुल ने बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना भी साधा। राहुल ने कहा कि चुनावों से पहले हम इस विचार पर जोर देते रहे कि संस्थाओं पर कब्जा कर लिया गया है। आरएसएस ने शिक्षा प्रणाली कब्जा ली है। मीडिया और जांच एजेंसियों पर कब्जा है। हम यह कहते रहे, लेकिन लोगों को समझ में नहीं आ रहा था। फिर संविधान को आगे रखना शुरू किया और जो कुछ भी कहा था, वह अचानक से फूट पड़ा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गरीब भारत, उत्पीड़ित भारत ने यह समझ लिया कि अगर संविधान खत्म हो गया तो पूरा खेल खत्म हो जाएगा। गरीबों ने गहराई से समझा कि यह संविधान की रक्षा करने वालों और इसे नष्ट करने वालों के बीच की लड़ाई है। जाति जनगणना का मुद्दा भी बड़ा हो गया। ये चीजें अचानक एक साथ आने लगीं। मुझे नहीं लगता कि निष्पक्ष चुनाव में बीजेपी 246 के करीब थी। उनके पास बहुत बड़ा आर्थिक लाभ था। उन्होंने हमारे बैंक खाते बंद कर दिए थे। निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग वही कर रहा था, जो बीजेपी चाहती थी। पूरा अभियान इस तरह बनाया था कि नरेंद्र मोदी देश भर में अपना काम करें। जिन राज्यों में बीजेपी कमजोर थी, उन्हें उन राज्यों से अलग डिजाइन किया गया। जहां वे मजबूत थे मैं इसे स्वतंत्र चुनाव के रूप में नहीं देखता हूं मैं इसे नियंत्रित चुनाव के रूप में देखता हूं। राहुल गांधी ने कहा कि प्रचार अभियान के आधे समय में नरेंद्र मोदी को नहीं लगा कि वे 300-400 सीटों के करीब हैं। जब उन्होंने कहा कि मैं सीधे भगवान से बात करता हूं तो हमें पता चल गया था कि हमने उन्हें पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। हमने इसे मनोवैज्ञानिक पतन के तौर पर देखा। नरेंद्र मोदी को सत्ता में लाने वाला गठबंधन टूट गया है। सरकार और दो या तीन बड़े व्यवसायों के बीच बड़ी सांठगांठ है। ओबीसी और दलितों को धोखा दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि मुद्दा यह है कि भारत के 90 फीसदी ओबीसी, दलित और आदिवासी इस खेल में शामिल नहीं हैं। जाति जनगणना यह जानने का एक सरल तरीका है कि निचली जातियां, पिछड़ी जातियां और दलित किस तरह से व्यवस्था में एकीकृत हैं। भारत के शीर्ष 200 व्यवसायों में से भारत की 90 फीसदी आबादी के पास करीब कोई स्वामित्व नहीं है। देश के सर्वोच्च न्यायालयों में भारत के 90 फीसदी लोगों की कोई भागीदारी नहीं है। हम समझना चाहते हैं कि उनकी सामाजिक और वित्तीय स्थिति कैसी है।

## वीडियो से हुआ खुलासाः ट्रेनों को पलटाने की साजिश के पीछे पाकिस्तानी आतंकवादी का हाथ

**नई दिल्ली।** बीते एक हफ्ते में तीन ट्रेन हादसे हुए हैं। गनीमत रही कि इनसे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। ये हादसे क्यों हो रहे हैं इसके पीछे की साजिश का भी खुलासा हुआ है। रेलवे के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में देश के अलग-अलग हिस्सों में तीन बार ट्रेन को पटरियों से उतारने की कोशिश की गई। वहीं दो बार पथराव की घटना भी सामने आ चुकी है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि रेल सेवा के खिलाफ क्या कोई बड़ी साजिश रची जा रही है। इन घटनाओं के सामने आने के बाद रेलवे की चिंता बढ़नी लाजिमी है। असामाजिक तत्व खासकर वंदे भारत ट्रेन पर पथराव कर रहे हैं। रेलवे ने संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है। पाकिस्तान के आतंकी फरहतुल्लाह घोरी ने हाल ही में एक वीडिया जारी किया। इसमें उसने अपने फॉलोअर्स से बड़े स्तर पर ट्रेनों को पटरी से उतारने की खातिर उकसा रहा है। कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस की पटरी पर सिलेंडर के अलावा पेट्रोल और माचिस का मिलना गहरी साजिश की ओर इशारा है। इसके पीछे आतंकी साजिश भी हो सकती है। उधर, बिल्हौर के पास कानपुर-कासगंज रेलवे ट्रैक पर एलपीजी सिलेंडर रखने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने वंदे भारत को बताया धक्कामार रेल



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जब भी मौका मिलता है वे तंज कसने से पीछे नहीं हटते है। हाल में वंदे भारत का वायरल हुआ एक वीडियो को लेकर उन्होंने तंज कसते हुए उसे धक्कामार रेल बताया है। दरअसल, नई दिल्ली से वाराणसी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का इंजन इटावा के पास खराब हो गया, जिसके बाद ट्रेन को मालगाड़ी के इंजन से खींचकर भरथना रेलवे स्टेशन पर लाकर खड़ा कर दिया गया। वंदे भारत ट्रेन को मालगाड़ी के इंजन से खींचने वाले वीडियो को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। सपा मुखिया ने वंदे भारत को मालगाड़ी के इंजन से खींचकर ले जाते हुए वीडियो पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा कि डबल इंजन सरकार में इंजन फेल हो गया। अखिलेश ने लिखा, भाजपा राज की ये धक्कामार रेल, डबल इंजन सरकार में इंजन फेल। बता दें कि सोमवार की सुबह नई दिल्ली से वाराणसी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ने जैसे ही इटावा रेलवे स्टेशन क्रॉस किया, वैसे ही उसके इंजन में खराबी आ गई और वो वहीं रुक गई।

## मणिपुर में हिंसा के चलते इंटरनेट बैन

**एजेंसी। इम्फाल**

- छात्रों और सुरक्षाबलों के बीच जबरदस्त झड़प
- प्रदर्शनकारियों पर आरएएफ ने गुलेल से छर्रे बरसाए
- स्थिति बेकाबू होते देख 2 जिलों में लगाया कर्फ्यू




मणिपुर में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी हिंसा की घटनाओं के बीच प्रदर्शनकारी छात्रों और सुरक्षाबलों के बीच जबरदस्त झड़प हुई है। राजभवन की ओर मार्च कर रहे छात्रों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने गुलेल से लोहे के छर्रे बरसाए वहीं छात्रों ने सुरक्षाबलों पर पथराव किया। प्रदर्शन हिंसक होते देख सुरक्षाबलों ने प्रद्रशनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे। मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा को देखते हुए 6 दिनों के लिए इंटरनेट बैन कर दिया गया है, जबकि 2 जिलों में कर्फ्यू लगाया गया है। मणिपुर में हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी आंच 9 सितंबर को राजभवन तक तब जा पहुंची जबकि छात्रों ने राजभवन पर पत्थरबाजी शुरु कर दी और पुलिस व सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले के साथ ही रबर बुलेट्स दागी थीं। इसमें करीब 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

**महिलाओं ने निकाला मशाल जुलूस :** दिन में हिंसा होने के बाद 9 सितंबर की रात को ही मैतेई समुदाय की महिलाओं ने ड्रोन हमलों के विरोध में मशाल जुलूस निकाला। इसके साथ ही महिलाओं ने राजभवन और मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन किया।

**दो जगहों पर कर्फ्यू :** हिंसा को देखते हुए प्रशासन ने इम्फाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट में कर्फ्यू लगाया है। यही नहीं प्रदेश में 15 सितंबर की शाम 3 बजे तक के लिए इंटरनेट बैन कर दिया गया है।

**डीजीपी और सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांगः** प्रदर्शनकारी छात्रों का नेतृत्व कर रहे एम. सनाथोई चानू का कहना था, कि उन्होंने छात्रों की ओर से डीजीपी और प्रदेश सरकार के सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग की है। इसके साथ ही सीआरपीएफ के पूर्व डीजी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में बनी यूनिफाइड कमांड राज्य सरकार को सौंपे जोने की भी मांग की गई है।

## नौसेना के दो जहाज 'मालपे और मुल्की' एक साथ कोच्चि में लॉन्च किये गए



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'मालपे और मुल्की' को मंगलवार को एक साथ कोच्चि में लॉन्च किया गया। समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की उपस्थिति में उनकी पत्नी विजया श्रीनिवास ने लॉन्च किया। भारतीय नौसेना को ये 'साइलेंट हंटर्स' मिलने पर तटीय सीमाओं पर दुश्मनों की पनडुब्बियों का पता लगाने में आसानी होगी। रक्षा मंत्रालय ने मेसर्स कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ 30 अप्रैल, 2019 को आठ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इसी प्रोजेक्ट के तहत भारतीय नौसेना के लिए बनाए गए चौथे और पांचवें जहाज मालपे औरमुल्की को आज सीएसएल, कोच्चि में लॉन्च किया गया। समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की पत्नी विजया श्रीनिवास ने अथर्ववेद के मंत्रोच्चारण के साथ लांच किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार माहे श्रेणी के एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट के नाम भारत के तट पर सामरिक महत्व के बंदरगाहों के नाम पर रखे गए हैं। इन जहाजों को स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक अंडरवाटर सेंसर से लैस किया जाएगा। इन जहाजों को तटीय जल में पनडुब्बी रोधी अभियानों के साथ-साथ कम तीव्रता के समुद्री संचालन (एलआईएमओ) तथा खदान बिछाने के काम के लिए तैयार किया गया है। यह जहाज 1800 समुद्री मील तक की सहनशक्ति के साथ 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त कर सकते हैं।

## सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर : एम्स

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) में भर्ती भारतीय काम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) के महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर है। वह सीने में दर्द की शिकायत के बाद ही 19 अगस्त को दिल्ली के एम्स में भर्ती हुए थे। येचुरी की देखभाल कर रहे एम्स के डॉक्टर ने बताया कि उनकी हालत गंभीर है, कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। येचुरी को रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर रखा गया है। केंद्रीय समिति कार्यालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) के महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की गहन देखभाल इकाई में तीव्र श्वशन के संक्रमण का इलाज चल रहा है। वह रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर हैं। डॉक्टरों की एक टीम उनकी स्थिति पर पूरी नजर रख रही है, जो इस समय गंभीर है। येचुरी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख वामपंथियों में नेताओं में शामिल हैं। येचुरी ने 1974 में लिबरल फेडरेशन ऑफ इंडिया से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और जल्द ही वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गए थे।

## वक्फ मामले पर भड़काऊ बयान देने पर भगोड़े जाकिर नाइक को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भगोड़े जाकिर नाइक को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वह देश के निर्दोष मुसलमानों को गुमराह न करें। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने मंगलवार को सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट में भगोड़े जाकिर को करारा जवाब देते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोगों को अपनी राय रखने का अधिकार है। लेकिन झूठे प्रचार से गलत धारणाएं पैदा होंगी। केंद्रीय मंत्री ने यह बयान जाकिर नाइक की उस अपील पर दिया है, जिसमें भगोड़ा इस्लामिक स्कालर जाकिर नाइक रविवार को सोशल मीडिया में जारी अपने एक वीडियो संदेश में देश के मुसलमानों को एकजुट होकर वक्फ बिल का विरोध करने को कह रहा है। उन्होंने भगोड़े जाकिर नायक पर पलटवार करते हुए कहा कि वह भारत के मुसलमानों को गुमराह करना बंद करे। भगोड़ा जाकिर नाइक जारी एक वीडियो संदेश में भारत की वर्तमान सरकार को कमजोर बताकर भ्रमित करने वाला देश विरोधी बयान दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कभी भी हो सकता है नीतीश सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार, बोले बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल



**पटना, एजेंसी।** बिहार बीजेपी के अध्यक्ष और राजस्व भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होने कहा कि बिहार मंत्रिमंडल का विस्तार कभी भी हो सकता है। सबकुछ तैयार है। किसी भी समय कैबिनेट विस्तार हो सकता है। जायसवाल ने ये बयान नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा से मुलाकात के बाद दिया। दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक बैठक चली। जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद दिलीप जायसवाल ने कहा कि बीजेपी और जेडीयू जो गठबंधन के दल हैं। कैसे दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आपस में मिलकर बूथ लेवल पर संगठन को मजबूत करें। इस पर चर्चा हुई इसके अलावा हमारी पार्टी का सदस्यता अभियान भी चल रहा है। वहीं बिहार मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि सब तैयार है किसी भी समय हो सकता है। कैबिनेट विस्तार कभी भी संभव है। वहीं जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि समन्वय और आपसी तालमेल को गठबंधन के घटक दलों के बीच कैसे मजबूत किया जाए, इसके अलावा कई मुद्दों पर बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से चर्चा हुई। आपको बता दें बीते कई दिनों से मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा जोरों पर हैं। जिस पर आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुहर भी लगा दी है। जिसमें कई चेहरे शामिल हो सकते हैं, कई चेहरे बदले जा सकते हैं। ये विस्तार जातीय समीकरण को ध्यान में रखते हुए होगा या फिर काम के आधार पर ये देखने वाली बात होगी।

### पटना में मकान और जमीन की ऑनलाइन रजिस्ट्री शुरू, अब निबंधन कार्यालय जाने की जरूरत नहीं

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अब मकान और जमीन की ऑनलाइन रजिस्ट्री शुरू हो गई है. इसकी शुरुआत पटना से की गई है. जमीन और मकान की खरीद-बिक्री के लिए सोमवार से पटना के फुलवारी, बाढ़, बिक्रम, मसौढ़ी और संपतचक निबंधन कार्यालय में ऑनलाइन आवेदन लेने की शुरूआत कर दी गई है. इसके साथ ही जिला निबंधन कार्यालय अरवल, सारण जिले के सोनपुर, वैशाली जिले के पातेपुर, नवादा जिले के रजौली, मुजफ्फरपुर के कटरा, भोजपुर के पीरो में ऑनलाइन आवेदन लेने का काम भी शुरू हो गया है. बता दें कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत निबंधन विभाग पहले चरण में फतुहा, पटना सिटी, बिहटा, दानापुर निबंधन कार्यालय में ट्रायल किया था. 40 दिन बाद दूसरे चरण में 11 निबंधन कार्यालयों को ऑनलाइन किया गया है. अब आपको जमीन, मकान और फ्लैट की रजिस्ट्री का आवेदन करने के लिए निबंधन कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. नए सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है जिसपर आवेदन करते ही चालान की राशि भी ऑटोमैटिक जेनरेट हो जाएगी. इस राशि को बैंक में जमा कर लोगों को अपलोड करना पड़ेगा. राशि अपलोड करने के बाद लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए तारीख और समय ऑनलाइन माध्यम से मिलेगी. तय समय के अनुसार कार्यालय पहुंचने वाले खरीदार और विक्रेता के आधार कार्ड और अंगूठे का निशान का मिलान कर फोटो कराया जाएगा. इसके साथ ही खरीदार और विक्रेता को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते ही जमीन, मकान, फ्लैट की खरीद-बिक्री का काम पूरा हो जाएगा. नए सॉफ्टवेयर पर जमीन का सर्किल दर और निबंधन कार्यालय द्वारा लिए जाने वाले शुल्क, स्टांप ड्यूटी, जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक सहित अन्य सभी बेसिक जानकारी उपलब्ध है. जमीन, मकान, फ्लैट के क्रेता और विक्रेता को बेसिक जानकारी के साथ दस्तावेज अपलोड करते ही सॉफ्टवेयर से मॉडल डीड बनकर तैयार हो जा रहा है. अभी तक इन सभी कामों के लिए निबंधन कार्यालय जाना पड़ता था. वहां जाने के बाद दस्तावेज तैयार कर लाइन में खड़ा रहना पड़ता था.

# मुख्यमंत्री नीतीश ने ताजपुर-बख्तियारपुर पुल का किया हवाई सर्वेक्षण

## 410 करोड़ की अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण दौरे पर पटना जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बख्तियारपुर (करजान)-ताजपुर (समस्तीपुर) पुल और बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पथ का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने पटना जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य की गति बढ़ाने और परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि इस फोरलेन के शुरू होने से पटना से बख्तियारपुर होकर मोकामा, बरौनी, बेगूसराय और लखीसराय की यात्रा में सुगमता आएगी। इससे समय की बचत होगी और ईंधन की लागत भी कम होगी। बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के निर्माण से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच एक नया संपर्क स्थापित होगा, जिससे यात्रा की दूरी 60 किलोमीटर कम हो जाएगी। साथ ही उत्तर बिहार जाने वाले वाहनों को पटना से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने बेलछी पहुंचकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके अलावा, उन्होंने पटना जिले में 17.78 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए मॉडल थाना भवनों, 11 हजार 285 मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट, 122 पुस्तकालय, 21 सामुदायिक भवन, 122 पशु शेड, नौ प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों, ग्रामीण हाट और आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने पटना जिले में 88.97 करोड़ रुपये की लागत से 11 मॉडल थाना भवन और 17 पुलिस भवनों का शिलान्यास भी किया। इसके साथ ही उन्होंने राजकीय अंबेडकर अनुसूचित जाति +2 आवासीय विद्यालय, 20 ग्राम संगठन भवन, 900 नए पशु शेड, 1911 सोकपिट, और 103 छत वर्षा जल संचयन संरचनाओं का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को एक लाख 20 हजार रुपये का सांकेतिक चेक और जीविका समूहों को 55 करोड़ 30 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने धनरुआ और नौबतपुर जीविका भवन की चाबी जीविका दीदियों को सौंपी।

मुख्यमंत्री ने हाथीदह, मोकामा में एनएच-31 के फोर बाई सिक्स लेन औंटा-सिमरिया परियोजना का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बेगूसराय की ओर 10 किलोमीटर एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा जाए, ताकि वाहनों की संख्या अधिक होने से जाम की समस्या उत्पन्न न हो।

मुख्यमंत्री ने मरांची में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



# पूर्णिया में शराब के नशे में पति ने पत्नी की पीट-पीटकर कर दी हत्या

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में शराब के नशे में पति ने अपने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। ईंट और बांस से तब तक उसे मारा जब तक उसने दम नहीं तोड़ दिया। मृतका की पहचान डगरूआ थाना क्षेत्र के चतरा गांव निवासी उमेश चौधरी (64) की पत्नी चंपा देवी (52) के रूप में हुई है।

बेटे संदीप चौधरी ने कहा कि सोमवार सुबह 4 बजे किसी दूसरे आदमी से मुझे जानकारी मिली। जिसके बाद हम अपने पापा को फोन किए। वो बोला हम तुम्हारी मम्मी को मार दिए हैं, लाश ले जाओ। बोला हमारी लड़ाई हुई थी। नशे में वारदात को अंजाम दिया है। मौके पर सिगरेट रखा हुआ था। खाना को लेकर हमेशा विवाद होता था। घटना सदर थाना क्षेत्र के गुंडा चौक की है।

**वारदात के वक्त घर में कोई नहीं था :** मृतका के 3 बेटे और 2 बेटियां है। जो वारदात के समय अपनी मां के साथ नहीं थे। जब ये लोग घर पहुंचे तो कमरे में शव को खून से लथपथ देखा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के शरीर पर कई गहरे जख्म के निशान मिले हैं। आरोपी अपनी पत्नी के साथ यहां किराए के मकान में रहता था। जो वारदात के फरार है। कारखाने में गार्ड की नौकरी करता था।

### लाश के पास बांस और ईंट के टुकड़े पड़े थे

बेटे ने कहा कि मां की हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। कमरे में मां का शव पड़ा था। पास में ईंट और बांस फेंका मिला। जिस पर खून के धब्बे थे। कमरे से देसी शराब के पैकेट और सिगरेट भी बरामद हुई है। वहीं, वारदात के बाद घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पोस्टमॉर्टम में जुट गई है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र के फुलबरिया मुख्य मार्ग पर मुख्यालय के तरफ आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर एक बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि जहां एक तरफ बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना सोमवार देर रात की है। हादसे की खबर की सूचना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लाया गया । जहां से युवक के स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे सदर अस्पताल किशनगंज रेफर कर दिया गया है। घायल की पहचान टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र के आशा के रहने वाले रबुल आलम के बेटे मो. मुस्तकीम के रूप में हुई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर टेढ़ागाछ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



# भाकपा-माले नेता की हत्या, सीने-सिर में मारी 6 गोलियां

## अरवल पुलिस बोली- बदले की नीयत से हुआ पूर्व माओवादी एरिया कमांडर का मर्डर

**अरवल, एजेंसी।** अरवल में भाकपा-माले नेता सुनील चंद्रवंशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक बाइक पर सवार 3 बदमाशों ने सुनील चंद्रवंशी को 6 गोलियां मारी हैं। सीने, सिर और हाथ में दो-दो गोलियां मारी गई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश हथियार लहराते भाग निकले। घटना सोमवार देर रात किंजर थाना इलाके के इमामगंज करपी पथ के राइस मिल के पास की है। सुनील चंद्रवंशी माओवादी एरिया कमांडर भी रह चुका था। भाकपा माले जिला सचिव जितेंद्र यादव ने बताया कि सुनील चंद्रवंशी कैडर कन्वेंशन को लेकर तैयारी में जुटे थे। करपी इलाके में प्रचार-प्रसार और आंदोलन की तैयारी में लगे हुए थे। सोमवार की देर शाम वो करपी से अपने गांव छक्कन बिगहा लौट रहे थे। इस दौरान बाइक सवार तीन अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिससे वह जमीन पर गिर गए। फिर अपराधियों ने नजदीक से उन्हें छह गोलियां मारी। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना किंजर थाने को दी। सूचना पर किंजर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### बदले की नीयत से मारी गई गोली

पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि वारदात को अंजाम बदले की भावना को लेकर दिया गया है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। मृतक के बैकग्राउंड की भी जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। एफएसएल टीम घटनास्थल पर जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अब तक पुलिस को खोखा बरामद नहीं हुआ है।



**10 साल पहले भाकपा-माले से जुड़ा थे**

भाजपा माले के जिला सचिव जितेंद्र यादव ने बताया कि 10 साल पहले सुनील चंद्रवंशी मुख्य धारा में आकर भाकपा माले से जुड़कर लोगों के लिए संघर्ष कर रहे थे।इससे पहले पूर्व में पीपुल्स वार से जुड़े हुए थे।

# तेज रफ्तार हाइवा ने दो युवतियों को रौंदा...एक की मौत

## सीतामढ़ी में पिता से मिलकर लौट रही थी, दूसरे की हालत गंभीर



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी के परिहार में सोमवार की देर शाम एक हाइवा ने दो बच्चियों को कुचल दिया। जिसमें एक बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही, दूसरी बच्ची की स्थिति गंभीर है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना जिले के परिहार थाना क्षेत्र के धामी टोल स्कूल के पास की है। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंची स्थानीय थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सीतामढ़ी भेज दिया है। जबकि घायल किशोरी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के परिहार थाना क्षेत्र के सहजौली गांव निवासी महादेव पंडित की बेटी सपना कुमारी(14) के रूप में की गई है। वहीं घायल किशोरी सहजौली गांव के ही अशोक पंडित की बेटी काजल कुमारी(13) गई है। जिसे सीएचसी प्रभारी मनोज कुमार ने खतरे से बाहर बताया है।

### पुलिस ने वाहन को किया जब्त

पुलिस ने हाईवा को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सपना और काजल ऑटो पर सवार होकर घर से गणेश पूजा देखने के लिए परिहार आई थी। सपना के पिता महादेव पंडित धामी टोल में मूर्ति बनाने का कार्य करते हैं।

धामी टोल में सपना, काजल के साथ अपने पिता से मिलने गई थी। जहां से लौटने के दौरान यह हादसा हो गया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# रंगदारी न देने पर 2 बसों पर किया हमला:मैनेजर से प्रति ट्रिप 200 की थी डिमांड

## पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ा



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में हिलसा थाना क्षेत्र में यात्रियों से भरी 2 बसों पर हमला हुआ है। जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी फरार हैं। रविवार को बिहारशरीफ से हिलसा आ रही एक यात्री बस और हिलसा से बिहारशरीफ जा रही दूसरी यात्री बस पर हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर दिया। हमले के दौरान दोनों बसों पर गोलीबारी की गई और रोड़ेबाजी की गई। इस हमले में आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जबकि दोनों बसें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। नालंदा नाइट किंग बस के मैनेजर पंकज कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि टूशन गोप, बिल्ला सिंह सहित 9 नामजद और 10 अज्ञात लोगों ने बस से प्रति ट्रिप 200 रुपए की रंगदारी मांगी थी। जब उन्होंने मना कर दिया, तो उन्हें निशाना बनाकर हमला किया गया।

### तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

हिलसा के डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल बिल्ला सिंह समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मुख्य आरोपी टूशन गोप अभी भी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, चार दिन पहले महादेव स्थान के पास हुए एक झगड़े के बाद यह घटना हुई है। बस चालक और टूशन गोप के बीच बकझक होने के बाद यह हमला का अंजाम दिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गया में डायल 112 के जवानों के साथ मारपीट:रिवॉल्वर भी लूट ले गए अपराधी

## पुलिस की हवाई फायरिंग के जवाब में चलाने लगे गोली



**गया, एजेंसी।** गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों का पुलिस को पीटने और उनके हथियार छीनकर ले जाने का लंबा इतिहास रहा है। कभी एसएलआर, कभी रिवॉल्वर छीन लेने के साथ-साथ पुलिस की बेरहमी से पिटाई का मामला अक्सर होता रहा है। ताजा मामला रविवार की देर रात का है। मोबाइल की लूट की सूचना पर पहुंची डायल 112 के बाइक सवार पुलिसकर्मियों की अपराधियों ने ना केवल पिटाई की, बल्कि उनकी बाइक और सर्विस रिवॉल्वर भी लूट ले गए। हालांकि, बाइक तो देर रात मिल गई, लेकिन सर्विस रिवॉल्वर नहीं मिली। ताज्जुब की बात यह है कि बचाव के लिए पुलिस ने हवाई फायरिंग भी की। फिर भी अपराधी नहीं डरे। इस घटना के बाद से पूरा पुलिस महकमा हरकत में है। इधर, सोमवार को एसएसपी आशीष भारती ने घटनास्थल का जायजा लिया। आईजी क्षत्रनिल सिंह ने मुफस्सिल थाने पहुंच कर पूरे मामले की पड़ताल की। पकड़े गए अपराधियों से एक-एक कर आईजी और एसएसपी ने पूछताछ की।

### डायल 112 के दो जवानों के साथ हुई घटना


रविवार की रात 9 बजे के बाद एक व्यक्ति मुफस्सिल थाना पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि उसके साथ आरओबी के पास लूट की वारदात हुई है। अपराधियों ने उसका मोबाइल छीन लिया है। इस सूचना पर पुलिस ने डायल 112 को घटनास्थल भेज दिया। डायल 112 के दो जवान मौके पर पहुंचे तो वहां कोई नहीं मिला। इस पर डायल 112 के जवान आरओबी के नीचे वाली सड़क (अबगिला पहाड़ तल्ली) पर चले गए। वहां खड़े 4-5 लड़कों से लूट की घटना के संबंध में पूछताछ करने लगे। पुलिस को देख और भी लड़के पहुंच गए। दोनों के बीच बहस हुई और मारपीट शुरू हो गई।

### डायल 112 के जवान ने मुफस्सिल पुलिस को घटना की सूचना दी

अपराधी सिपाहियों पर हावी हो गए। कुछ उनके हथियार छीनने लगे तो कुछ उनकी बाइक छीनने लगे। इस बीच डायल 112 के जवान ने मुफस्सिल थाने को घटना की सूचना दी। सर्विस रिवॉल्वर और खुद के बचाव के लिए हवाई फायरिंग भी की। लेकिन, इस बीच अपराधी बाइक और एक जवान की रिवॉल्वर ली। अपराधियों ने भी फायरिंग की। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद का कहना है कि अपराधी जवान को गोली मारने तक की बात कह रहे थे। लूट के दौरान सिपाही समरजीत कुमार जख्मी हो गया। इस बीच मुफस्सिल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अपराधी तो नहीं मिले, लेकिन बाइक तालाब में मिली। सुबह होने तक पुलिस ने 4 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना-जहानाबाद समेत 5 जिलों में बारिश, 24 में अलर्ट



**पटना।** बिहार में मानसून एक्टिव हो गया है। मंगलवार को दोपहर बाद पटना में मौसम का मिजाज बदला और हल्की बारिश हुई। इसके साथ ही जहानाबाद, नालंदा, जमुई और मुंगेर में भी झमाझम बारिश हुई है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश के 24 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही कुछ जिलों में आकाशीय बिजली भी गिरने की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, मानसून टर्फ राजस्थान, उत्तर प्रदेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी की ओर जा रही है। इससे प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में बारिश की संभावना है। वहीं, 13 सितंबर से दक्षिण और उत्तर बिहार के कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। आज राजधानी पटना में सुबह का तापमान 28 से 30 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। सुबह के मुकाबले शाम में हवा की रफ्तार धीमी रहेगी। शाम में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

### पटना में बुजुर्ग महिला ने की सुसाइड, पारिवारिक कलह से तंग आकर दी जान

**पटना।** पटना में पारिवारिक कलह के कारण बुजुर्ग महिला बच्ची देवी (65) ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। वह मंगलवार की सुबह स्नान करने त्रिवेणी संगम घाट पर पहुंची थी। इसके बाद उसने जहर खा लिया और बेहोश हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम महिला को लेकर अस्पताल पहुंच रही थी तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं फतुहा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान दनियावां प्रखंड के दनियावा गांव निवासी स्व. लालजी प्रसाद की पत्नी बच्ची देवी के रूप में हुई है। घटना के बारे में जानकारी मिलते ही परिजन भी नदी थाना पहुंच गए। परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए NMCH पटना भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। डायल 112 की टीम में तैनात प्रेम कुमार सिंह ने बताया कि फोन पर जानकारी मिली कि एक महिला ने जहर खा लिया है। हम 5 मिनट में वहां पर पहुंचे तो देखा कि महिला की सांसें चल रही थी। तभी पास से एक टेंपो से लेकर फतुहा अस्पताल ले आए, लेकिन इनका रास्ते में ही मौत हो गई थी।



### पटना में स्कूटी की चोरी का CCTV फुटेज, घर के आगे से ले गया चोर, तस्वीर कैमरे में कैद

**पटना।** पटना सिटी में चोर गिरोह के एक सदस्य ने सोमवार की सुबह घर के आगे लगे स्कूटी की चोरी कर ली। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है किस तरह एक चोर घर के आगे लगी स्कूटी की चोरी करके आराम से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत पटना सिटी के चौक थाने में की है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना की जानकारी देते हुए बेगमपुर निवासी मोहन प्रसाद ने बताया कि वेटरनरी हाल के बगल में उनका मकान है। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह लगभग 9:00 बजे के आसपास जब वह दिनचर्या में व्यस्त थे। इसी क्रम में उनके घर के आगे लगी उनकी स्कूटी अचानक चोरी हो गई। मोहन प्रसाद ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद घर के पास के लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला। इसी क्रम में सीसीटीवी में उन्होंने देखा कि एक युवक उनकी ब्लू रंग की स्कूटी गाड़ी घर के पास से लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि चोरी हुई स्कूटी का नंबर BR01CK/8144 है। सीसीटीवी फुटेज में स्कूटी चोर का चेहरा भी साफ देखा जा सकता है। इस मामले को लेकर चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि सोमवार को भाजपा नेता के हत्या को लेकर वह दिन भर परेशान रहे। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है



### पटना में दो दिन से लापता किशोर का शव बरामद, रविवार को निकला था घर से

**पटना।** पटना के दानापुर थाना क्षेत्र से पिछले दो दिनों से गायब किशोर धर्मवीर कुमार (16) का शव घर से कुछ दूरी पर गड्ढे में भरे पानी में मिला। मामला दानापुर थाना क्षेत्र के खरांजा रोड का है। बताया जा रहा है कि रविवार के दिन सुबह 11 बजे के बाद से ही गायब चल रहा था। परिजनों ने सोमवार को धर्मवीर के गायब होने का आवेदन दानापुर थाना में दिया था। आज मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों को अपार्टमेंट के लिए खोदे गड्ढे के अंदर भरे पानी से बदबू आ रही थी। जब पास जाकर देखा तो पानी के अंदर एक शव उपलाता दिखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को बरामद किया। मृतक के पिता लाल बहादुर ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 11 बजे घर में धर्मवीर अपनी साइकिल का चाबी खोज रहा था, जो उसे नही मिला। इसके बाद वह घर से कहकर निकला कि मैं मंदिर के पास जा रहा हूं। यदि मेरी साइकिल की चाबी मिले तो मुझे बताना। उसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। आज पास के लोगो ने बताया कि धर्मवीर का शव पास के अपार्टमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में मिला है। वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है कि गायब किशोर की मौत कैसे हुई। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के सीसीटीवी भी चेक किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो वर्षों से अपार्टमेंट निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है।



### पटना में ऑनलाइन जमीन खरीद-बिक्री की शुरुआत

**पटना।** जमीन और मकान की खरीद-बिक्री के लिए सोमवार से पटना के फुलवारी, बाढ़, बिक्रम, मसौढ़ी और संपतचक निबंधन कार्यालय में ऑनलाइन आवेदन लेने की शुरूआत हुई। इसके साथ ही जिला निबंधन कार्यालय अरवल, सारण जिले के सोनपुर, वैशाली जिले के पातेपुर, नवादा जिले के रजौली, मुजफ्फरपुर के कटरा, भोजपुर के पीरो में ऑनलाइन आवेदन लेने का काम शुरू हो गया है। निबंधन विभाग पहले चरण में फतुहा, पटना सिटी, बिहटा, दानापुर निबंधन कार्यालय में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ट्रायल किया था। 40 दिन बाद दूसरे चरण में 11 निबंधन कार्यालयों को ऑनलाइन किया है। जमीन, मकान और फ्लैट की रजिस्ट्री का आवेदन करने के लिए निबंधन कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। नए सॉफ्टवेयर पर आवेदन करते ही चालान की राशि भी जेनरेट हो जाएगी। इस राशि को बैंक में जमा कर लोगों ने अपलोड किया। इसके बाद लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए तारीख और समय ऑनलाइन के माध्यम से मिलेगी। तय समय के अनुसार कार्यालय पहुंचने वाले खरीदार और विक्रेता के आधार कार्ड और अंगूठे का निशान का मिलान कर फोटो कराया गया। इसके साथ ही खरीदार और विक्रेता सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते ही जमीन, मकान, फ्लैट की के खरीद-बिक्री की कार्रवाई पूरी हो गई। नए सॉफ्टवेयर पर जमीन का सर्किल दर और निबंधन कार्यालय द्वारा लिए जाने वाले शुल्क, स्टांप ड्यूटी, जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक सहित अन्य बेसिक जानकारी उपलब्ध है। क्रेता और विक्रेता को बेसिक जानकारी के साथ दस्तावेज अपलोड करते ही सॉफ्टवेयर से मॉडल डीड बनकर तैयार हो रहा है। अभी तक निबंधन कार्यालय जाकर दस्तावेज तैयार कर लाइन में खड़ा रहना पड़ता था।

# NMCH बनेगा डेंगू अस्पताल

## DM बोलें- जल्द होगी घोषणा, बेहतर ट्रीटमेंट के साथ होगी अच्छी व्यवस्था



**फिलहाल 40 बेड के डेडीकेटेड वार्ड की है सुविधा**

**एजेंसी, पटना।**


राजधानी पटना में डेंगू के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। पटना जिले में अब तक 538 लोग संक्रमित हो चुके हैं। हर रोज 10 से 15 मरीज मिल रहे हैं। निजी और सरकारी अस्पताल मिलाकर 50 मरीज एडमिट हैं। ऐसे में जिला प्रशासन भी अब एक्टिव हो गई है। इसको लेकर नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (NMCH) को डेंगू अस्पताल बनाने की तैयारी चल रही है। एक से दो दिनों में इसकी घोषणा कर दी जाएगी। पटना DM चंद्रशेखर सिंह ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि पहले भी इसे डेंगू अस्पताल बनाया जा चुका है।

**NMCH में हैं 40 बेड:** बहरहाल पटना सिटी अंतर्गत NMCH में 40 बेड का डेडीकेटेड डेंगू वार्ड बनाया गया है। वहीं इसके अलावा 15 बेड भी रिजर्व रखें गए हैं। इसमें 20 पुरुष और 20 महिलाओं के लिए आरक्षित वार्ड है। सिर्फ इस वार्ड में डेंगू के पेशेंट को एडमिट किया जा रहा है। डेंगू अस्पताल डिक्लियर होने के बाद यहां बेडों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा NMCH में जीरो ड्रग पर्चेज पॉलिसी है। यानी अस्पताल में डेंगू मरीजों को कुछ नहीं करना है। सिर्फ इलाज कराने आना है। सारी सुविधा अस्पताल से मिलेगी। बेड, मच्छरदानी, दवा, जांच, प्लेटलेट्स, भोजन तीन टाईम, लिक्विड सब फ्री है। किसी को भी। दवा बाहर से नहीं खरीदनी है।

**दो से तीन दिनों में होगी घोषणा:** DM डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और नगर निकायों के लगातार संपर्क में हैं। समीक्षा हो रही है। दो दिनों में पटना का NMCH अस्पताल डेंगू अस्पताल के तौर पर डिक्लियर कर दिया जाएगा। इसके प्रयास में हमलोग लगे हैं। हालांकि पहले भी इसे डेंगू अस्पताल के तौर पर डिक्लियर किया जाता रहा है। मामले बढ़ रहे हैं, ऐसे में बेहतर व्यवस्था के साथ इसे डिक्लियर कर दिया जाएगा।

**NMCH में मुफ्त भोजन, दवा और जांच की व्यवस्था:** NMCH में सबसे बेहतर सुविधा मिली रही है। यहां पूरी फैसिलिटी है। डेंगू के मरीजों को मुफ्त में इलाज, भोजन, दवा, जांच की यहां व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर अस्पताल में प्लेटलेट्स भी है। HOD डॉ. अजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पूरी 50 स्वास्थ्य कर्मियों की टीम चौबीस घंटे काम कर रही है। जो भी मरीज आ रहे हैं, उनके सिरियसनेश के आधार पर कैटेग्राइज करके मुफ्त इलाज किया जा रहा है।

# जली कार में दिखी शराब की बोतलें, पुलिस बोली- पानी है



♦ **पटना में रेलिंग तोड़कर गड्ढे में गिरी कार, धू-धूकर जली, वैशाली नंबर की है गाड़ी**

**एजेंसी, पटना।**

पटना में एक कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए गड्ढे में जा गिरी। इसके बाद कार में आग लग गई। सीट पूरी तरह से जलकर खाक हो गई, लेकिन इसके बाद भी कार की सीट पर शराब की बोतलें बिना जले हुई मिली। वहीं पुलिस का कहना है कि ये पानी की बोतल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**थानाध्यक्ष बोलें- पानी की बोतल थी:** वहीं इस मामले में थाना अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि सुबह में सूचना मिली थी कि एक स्विफ्ट डिजायर कार पुल पर बने रेलिंग को तोड़ते हुए गड्ढे में जा गिरी। गड्ढे में गिरने के बाद कार में अचानक आग लग गई। आग लगते ही पूरी तरह से कार धू-धूकर जल गई। हमलोग घटना स्थल पर पहुंचे। उसके बाद फतुहा फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। वहीं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। कार जलकर पूरी तरह से खाक हो गया था। कार जलने के बाद जब छानबीन किया गया तो उसमें से पानी की कुछ बोतलें मिली। कुछ पानी की बोतलें जो थी उसे अपने कब्जे में लेते हुए थाने लाया गया। फिलहाल गाड़ी के नंबर से जांच किया गया तो यह गाड़ी वैशाली जिले की है। कार मालिक का पता लगाया जा रहा है।

# ट्रेन में कारोबारी के अटैची से 3.50 लाख की चोरी



**लॉक तोड़कर निकाले रुपए, यात्रियों ने 3 चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया**

**एजेंसी, पटना।**

बाढ़ के पंडारक रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से कारोबारी के अटैची से चोरों ने 3.50 लाख रुपए निकाल लिए। शोर मचाने पर यात्रियों ने तीन चोरों को पकड़कर रेल पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की छानाबीन कर रही है।

**परिवार के साथ ससुराल से अपने घर लौट रहा था:** पीड़ित नीतीश कुमार ने बताया कि पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल गया था। मंगलवार को कमला गंगा इंटरसिटी ट्रेन से परिवार के साथ अपने घर लहरिया टोला लौट रहा था। अटैची समेत सभी सामान ऊपर रैक पर रख दिया था। इस बीच पंडारक रेलवे स्टेशन पर तीन लोग चढ़े और मेरी सीट के पास आकर खड़े गए। थोड़ी देर बाद मेरे बेटे ने अटैची खुला देखा। उसने अपनी मां को इसकी जानकारी दी। शोच मचाने पर तीनों भागने लगे। 2 शौचालय में छिप गए, जबकि तीसरा गाड़ी से नीचे उतर गया। यात्रियों के सहयोग से तीनों को पकड़कर रेल पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, बाढ़ रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। यात्रियों ने 3 लोगों को पकड़कर रेल पुलिस के हवाले कर दिया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है।

# मौर्या लोक में लौटेगी रौनक, बनेगा फूड कियोस्क

## निगम आयुक्त ने चीफ इंजीनियर को जगह चिन्हित करने का दिया निर्देश, दुकानदारों ने स्थगित किया आंदोलन

**एजेंसी, पटना।**



पटना के मौर्या लोक परिसर में फिर से पहले की तरह रौनक देखने को मिल सकती है, क्योंकि यहां फूड कियोस्क का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने अनुमति दे दी है। इसके लिए चीफ इंजीनियर को मौर्या लोक परिसर में जगह चिन्हित करने के लिए निर्देश दिया गया है। फूड कियोस्क, खाने की सेवा देने वाला एक स्वयं सेवा बूथ या कार्ट होता है, जिसमें ग्राहक खुद आकर अपने ऑर्डर देते हैं।

**दुकानदारों ने स्थगित किया आंदोलन:** दरअसल, आज मौर्या लोक परिसर के सभी दुकानदार आंदोलन करने वाले थे। फूड कियोस्क बनाने, बूम बैरियर हटाने और बुद्ध मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर यह आंदोलन होता, लेकिन नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि तीन दिनों में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इसपर दुकानदारों ने आंदोलन को स्थगित कर दिया। मौर्या लोक दुकानदार कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार डब्लू ने कहा कि अगर इस सप्ताह समाधान नहीं हुआ, तो सोमवार से चरणबद्ध तरीके से आंदोलन होगा।

**स्मार्ट पार्किंग के लिए निगम खुद करेगी व्यवस्था:** राजेश कुमार डब्लू ने कहा कि परिसर में स्मार्ट पार्किंग के ठेकेदार को हटाकर नगर निगम खुद इसकी व्यवस्था करेगा। परिसर में वाहनों की बेतरतीब पार्किंग न हो, इसके लिए गार्ड की तैनाती की जाएगी। इस पार्किंग के बनने से मौर्यालोक के दुकानदारी में 70% गिरावट आई है। इसे लेकर दुकानदारों में काफी आक्रोश है। शाम होते ही बुद्ध मार्ग मुख्य संपर्क सड़क के एक लेन में पूरी तरह से स्ट्रीट स्टॉल का अतिक्रमण लगा हुआ है। दूसरे लेन में ग्राहकों की गाड़ियां लगी रहती है। इस कारण कस्टमर्स मौर्यालोक में नहीं आ पा रहे हैं और दुकानदारी प्रभावित हो रही है।

# नगर निगम बना रही 4 'लू कैफे', पुरानी गाड़ियों को फैब्रीकेट कर किया जा रहा तैयार, अगले महीने से मिलेगी सुविधा

**एजेंसी, पटना।**



पटना नगर निगम की पुरानी गाड़ियों को फैब्रिकेट कराकर लू कैफे बनाया जा रहा है। 4 गाड़ियों को लू कैफे में कन्वर्ट किया जाएगा। एक कैफे एयर कंडीशनर होगी, बाकी नॉर्मल रहेगी। सभी गाड़ियों के रूफ टॉप पर सोलर प्लेट लगा रहेगा।

**अगले महीने शुरू हो जाएगा चारों लू कैफे:** नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि यह कैफे चलंत रहेगी। इससे यह फायदा होगा कि इस कैफे को अलग-अलग मकसद से आवश्यकता अनुसार इस्तेमाल किया जा सकता है। यदि कहीं बड़ी मीटिंग, कार्यक्रम, रैली, सभा, समारोह, आदि है, तो इसे वहां मूव करा दिया जाएगा। कोशिश है कि इसी महीने इन चारों कैफे के काम को पूरा कर लिया जाए। अगले महीने से इसकी शुरुआत हो जाएगी। इसका देख-रेख स्वच्छंगिनी की महिलाओं द्वारा किया जाएगा।

**पहले 6 जगहों पर तैयार किया जाना था:** पहले लू कैफे शहर के 6 जगहों पर तैयार किया जाना था। इसके लिए राजा बाजार में 2, कंकड़बाग में 2 और एग्जिबिशन रोड में दो जगहों को चिन्हित किया गया था। हालांकि, इन जगहों पर फ्लाईओवर के नीचे अन्य सौंदर्यीकरण के काम के कारण इस योजना को ड्रॉप कर दिया गया। इस वजह से कोई खाली एरिया नहीं दिख पाया, जहां इस कैफे को बनाना सही लगे।

**क्या होता है लू कैफे:** 'लू' एक ब्रिटिश टर्म है, जिसका मतलब टॉयलेट होता है। लू कैफे एक विशेष थीम की तरह है। जहां एक तरफ कैफेटेरिया और दूसरी तरफ मॉर्डन टॉयलेट होता है। नगर निगम की ओर से शहर के प्रमुख और भीड़-भाड़ वाले जगहों पर आम लोगों के लिए एक ऐसा कॉर्नर तैयार किया जा रहा है, जहां न सिर्फ आकर्षक ढंग से तैयार कैफे में खाने पीने का लुफ्त उठा सकते हैं। बल्कि वहां आधुनिक और मॉर्डन तकनीक के टॉयलेट की भी सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

# अमेरिका में राहुल के बयान पर चिराग का पलटवार

♦ **केंद्रीय मंत्री ने कहा- इनकी सोच शुरू से आरक्षण विरोधी, इसे समाप्त करने की सोचना भी क्राइम**

**एजेंसी, पटना।**



केंद्रीय मंत्री और लोजपा(आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आरक्षण के मुद्दे पर घेरा है। आरक्षण पर दिए राहुल गांधी के एक बयान पर चिराग पासवान ने कहा कि राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस पार्टी की मानसिकता का पर्दाफाश हुआ है। कांग्रेस चाहती है, और उनकी प्राथमिकताओं में यह रहा है कि आरक्षण को समाप्त कर दिया जाए। चिराग पसावान ने कहा कि केंद्र में लंबे अरसे तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ना तो जातीय जनगणना करा पाई और ना ही ओबीसी आरक्षण को ही लागू कर पाई। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस की सोच शुरू से आरक्षण विरोधी रही है। दरअसल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं। यहां के जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स की तरफ से पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था, 'कांग्रेस आरक्षण समाप्त करने के बारे में तब सोचेगी जब देश में निष्पक्षता होगी। फिलहाल देश में ऐसी स्थितियां नहीं है।

**जब तक मेरी पार्टी है आरक्षण को कोई खतरा नहीं:** पासवान ने कहा कि विश्वास दिलाता हूं कि जब तक मैं, और मेरी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) है तब तक न तो आरक्षण को कोई खतरा है और न ही संविधान को। कांग्रेसी मानसिकता वाले लोग जनता को गुमराह करने के लिए ऐसे बयानों का इस्तेमाल करते आए हैं। आरक्षण का मुद्दा कांग्रेस का चुनावी जुमला है, जिससे हम सबको सावधान रहने की जरूरत है।

**पीएम आरक्षण बचाने में जुटे हैं:** राहुल गांधी के इस बयान के बाद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि संवैधानिक व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए आरक्षण जरूरी है। ऐसे में आरक्षण को समाप्त करना तो दूर, कोई उस प्रावधान से छेड़छाड़ करने की भी नहीं सोच सकता। केंद्रीय मंत्री ने आगे लिखा है कि आरक्षण समाप्त करने की साजिश का दोषारोपण ये दूसरों पर करते हैं, जबकि हकीकत यह है कि ऐसी मानसिकता इन लोगों की ही है। दोनों गठबंधनों में कितना फर्क है कि एक ओर नेता प्रतिपक्ष आरक्षण समाप्त करने की सोच रखते हैं तो दूसरी तरफ एनडीए के सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी आरक्षण के सभी प्रावधान को वैसे ही लागू रखने के लिए कृतसंकल्प हैं।

# चिराग को छोड़ जदयू के साथ दोबारा आए नवल शर्मा




♦ **कहा- एक बार जिसने नीतीश कुमार के साथ काम कर लिया, वो उनके आकर्षण में बंधा रह जाएगा**

**एजेंसी, पटना।**

एलजेपी (आर) नेता नवल शर्मा ने घर वापसी कर ली है। मंगलवार को उन्होंने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में जदयू की सदस्यता ली। पार्टी के सीनियर लीडर और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने उन्हें सदस्यता दिलाई। वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि देश में जदयू एकलौती ऐसी पार्टी है जो सामाजिक सरोकार के मुद्दों की राजनीतिक कर रही है।नीतीश कुमार ने बिहार को एक शिल्पी की तरह संवारा है। मिट्टी और बालू से नीतीश कुमार ने बिहार को खड़ा करने का काम किया। इससे पहले तीन बार वो जदयू के प्रदेश प्रवक्ता रह चुके हैं। बीच में वे जदयू का साथ छोड़ एलजेपी(आर) में शामिल हो गए थे। वहीं, नवल शर्मा ने कहा कि अब घर आ गए हैं। क्यों चिराग का साथ छोड़े, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका बेहतर जवाब खुद चिराग देंगे कि वो नवल शर्मा को क्यों नहीं बांध पाए। नीतीश कुमार के साथ पहले भी काम कर चुका हूं। एक बार जिसने नीतीश कुमार के साथ काम कर लिया वो उनके आकर्षण में बंधा रह जाएगा। जदयू के एजेंडे के अलावा कुछ नहीं भाएगा। एलजेपी(आर) के सभी पदों से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। अब उस पार्टी का हिस्सा नहीं हूं।

**विकास विरोधी ताकतों के खिलाफ मिलकर लड़ना है:** इस दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि नवल शर्मा ने महत्वपूर्ण समय में घर वापसी की है। कुशवाहा ने कहा कि2025 का विधानसभा चुनाव मिलजुल कर लड़ना है। विकास विरोधी और समाज विरोधी ताकतों के खिलाफ चुनाव लड़ना है। उन्होंने नवल शर्मा को आश्वस्त किया कि पार्टी आपके मान-सम्मान का पूरा ख्याल रखेगी। नीतीश कुमार न्याय के साथ विकास कर रहे हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में नीतीश कुमार के इतना कोई काम नहीं किया है।

**इन्होंने भी ली पार्टी की सदस्यता:** इनके साथ डॉ. सुरेंद्र कुमार, अभिलाषा कुमारी, अनामी भारती, डॉ. शंभू कुमार, हेमा खातुन , विक्रम कुमार ने भी पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा, कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ और एमएलसी संजय गांधी मौजदू थे।

## संक्षिप्त समाचार

### खुले और विद्यालयों के आसपास मांस मछली बेचने पर लगेगी रोक

**चा०भूमि नरकटियागंज**।नरकटियागंज की सभापति ने खुले में और विद्यालयों के आसपास मांस मछली बेचने पर जल्द ही अंकुश लगाने का आश्वासन दिया है। सभापति महोदया के द्वारा विद्यालयों के आसपास मांस बिक्री पर रोक लगाने की बात सुनकर शहर वासी खुश हैं। नरकटियागंज के कई प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पुरजोर तरीके से आवाज उठाई की विद्यालयों के आसपास और खुले में मांस मछली की बिक्री पर रोक लगनी चाहिए।विद्यालय में पढ़ने जाने वाले बच्चे हलाल होते बकरे और मुर्गियों को देख पैनिक में आ जाते हैं, जिनको उबारने और सामान्य करने में विद्यालय के शिक्षको और अभिभावकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सभापति महोदया के द्वारा विद्यालयों के आसपास मांस बिक्री पर रोक लगाने की बात सुनकर शहर वासी खुश हैं।

### मझौलिया में 25 सितंबर से चलेगा प्लस पोलियो अभियान

**चाणकय भूमि मझौलिया**।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में पल्स पोलियो अभियान की तैयारी को लेकर बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुपम प्रसाद ने की। अपने संबोधन में डॉक्टर लुकमान ने बताया कि आगामी 22 सितंबर से 26 सितंबर तक पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी तथा छुटे हुए बच्चों को 28 सितंबर को पोलियो खुराक पिलाने का कार्य होगा। उन्होंने बताया कि विकलांगता को हर हाल में मिटाना है। निर्धारित तिथि को एएनएम आशा कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी सेविका घर-घर जाकर जीरो से पांच आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि पोलियो की खुराक पिलाने में सहयोग करें क्योकि एक भी बच्चा छुटा तो सुरक्षा चक्र टूट जाएगा । इस अभियान के तहत मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के कुल 82 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित की गई है। इस मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मोनिटर पुरुषोत्तम चौबे, पर्यवेक्षक आशा देवी , शारदा देवी , सजदा खानम सहित आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे । इस अवसर पर प्रशिक्षण भी दिया गया। गौरतलब हो कि पल्स पोलियो संबंधित प्रशिक्षण पुनः 12 और 14 सितंबर को भी दिया जाएगा।

### लोकों पायलट की सावधानी से युवती की जान बची

**चाणक्य भूमि मोतिहारी**।मोतिहारी में मंगलवार की सुबह एक छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। छात्रा मोतिहारी से पटना की ओर जा रही ट्रेन के आगे ट्रैक पर लेट गई। ट्रेन के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर उसकी जान बचाई। लोको पायलट ने वहां मौजूद महिला से उसे हटाने को कहा, जब महिला ने उसका हाथ पकड़कर उसे उठाया तो कहने लगी- मेरा हाथ छोड़िए, आपलोगों को क्या करना है। मुझे छोड़िए। मुझे मरना है।

### पुलिस ने पॉक्सो अभियुक्त समेत चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि बगहा**। भैरोगंज थाना की पुलिस ने छापेमारी कर चार वारंटीयो को गिरफ्तार किया। जिसमें पॉक्सो एक्ट के वारंटी भी शामिल है। उपरोक्त संदर्भ की जानकारी देते हुए भैरोगंज थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के आरोपित समेत अलग अलग मामलों के चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शराब तस्कर समेत चार को पुलिस ने भेजा जेल

**चाणक्य भूमि मैनाटांड**। भंगहा पुलिस ने वाहन जाँच करते समय के को चार शराब पियक्कड़ समेत एक शराब तस्कर को चार लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। भंगहा थाना अध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया की चारो व्यक्ति को शराब पीने की पुष्टि की गई है जिसके आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

### सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**चाणक्य भूमि बेतिया**।मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारी टोला गांव में सोमवार की रात अज्ञात टेंपो के चपेट में आने से बारी टोला निवासी शिवनंदन महतो घायल हो गए थे जिन्हें इलाज के लिये गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी मिलने पर अस्पताल नाका थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर जीएमसीएच में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।

### चाइनीज लहसुन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर**। वाल्मीकिनगर में इन दिनो चाइनीज लहसुन की बिक्री खुलेआम जारी है। इसका इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इस बाबत कृषि वैज्ञानिक विनय कुमार सिंह ने बताया कि चाइनीज लहसुन में क्लोरीन ब्लीच किया जाता है। क्लोरीन एक तरह का केमिकल है जिसका उपयोग चीनी लहसुन के उपरी भाग को बिल्कुल सफेद दिखाने के लिए किया जाता है।यही नही इसमें कीड़ा मारने वाली औषधि भी डाली जाती है। जो स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। जिसके लंबे समय तक इसका इस्तेमाल पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। भारत में उत्पादन होने वाले लहसुन में भारी मात्रा में एल्लीसिन होती है। जो औषधी का काम करता है। लेकिन चीन से आने वाले लहसुन ज्यादा समय तक स्टोर करने पर उसमें एल्लीसिन नहीं रह पाता और इसमें फंगस जल्द लग जाता है। यह ताजगी से भरपूर रहे, इसके लिए इसमें विभिन्न तरह के केमिकल का उपयोग किया जाता है। भारतीय बाजार में लहसुन 240 से 260 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। इसे देखते हुए तस्करों ने फायदा उठाना शुरू कर दिया है। भारतीय क्षेत्र के धंधेबाज भी ज्यादा लाभ के चक्कर में तस्करों से लहसुन खरीद रहे हैं। इसकी बिक्री छोटे पैमाने पर की जा रही है। भारतीय बाजारों में चाइनीज लहसुन के आने के बाद से स्थानीय व्यापारी परेशान हैं।बताते चले कि भारत सरकार ने चाइनीज लहसुन की खरीद बिक्री पर रोक लगा दी है। लेकिन वाल्मीकिनगर में छोटे पैमाने पर इसकी बिक्री जारी है।

### 20 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**केसरिया, पू.च**। बिजधरी थाना पुलिस ने सोमवार की संध्या शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मनोहर छपरा छठ घाट के समीप शराब तस्करी की सूचना मिली। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जगह छापेमारी की गई। जहाँ से केसरिया थाना क्षेत्र के कढान के नवलेश कुमार व अरुण कुमार को 20 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक भी बरामद की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्करों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विभिन्न आपदाओं से बचाव को लेकर किया जागरूक

चाणक्य भूमि मधुबनी



एक ताजा बिश्लेशन और विश्व स्वास्थ्य संगठन "WHO" की रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग प्रतिवर्ष सर्पदंश के 10 लाख से अधिक मामले आते हैं, जिसमें औसतन 80,000 के आसपास लोग अपनी जान गंवा देते हैं। आगे बताते चलें कि सर्पदंश की घटना को कम करने के लिए रात को सोते समय मच्छरदानी जरूर लगाएं और सर्पदंश के उपरांत सर्वप्रथम सांप की पहचान कर लें और शीघ्र ही निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और झाड़ फूंक के चक्करों से बचें, इस मुहिम को नुक्कड़ नाटकों की टीम के द्वारा प्रस्तुति कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है और लोगों के द्वारा मोबाइल में भी इस कार्यक्रम को रिकॉर्ड कर रहे और अपने दूरदराज के ग्रामीण भाईयों को भेज रहें हैं। बता दें कि जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देशन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सूचीबद्ध कलाजत्था टीम के द्वारा 10 सितंबर को जिले के पंडौल, दहिवत माधोपुर, बिथौनी, विस्फी, मधवापुर, बासुकी बिहारी, महिसवारा बेला, घोंघौर पश्चिमी, लौकही, लखनौर, गेहूमाबैरिया, सैनी आदि पंचायत में सर्पदंश से बचाव से संबंधित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई है। सूचना एवं जनसंपर्क तथा आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा उपलब्ध स्क्रिप्ट के आलोक में हुई प्रस्तुति के दौरान सर्पदंश की घटना एवं उसके प्रभाव को कम_से_कम करने के लिए जन सामान्य को स्थानीय भाषा में 'क्या करें' व 'क्या ना करें' के बारे में जागरूक किया गया, इस नुक्कड़ टीम ने प्रस्तुति के दौरान बताया कि सर्वप्रथम तो सर्पदंश से बचने का प्रयास करें, भारत में सर्पदंश का सर्वाधिक मामला करैत सांप के काटने से होता है। यह सांप अंधेरे में घर में घुसकर काटता है, इसलिए सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें, अंधेरे में कभी खाली पैर न निकलें, बहुत दिनों से बंद पड़े कमरे को खोलने व पुराने रखे कबाड़ में हाथ लगाने से पहले सावधानी बरतें, बरसात के मौसम में जूते या हेलमेट आदि पहनने से उसको अच्छे से जांच लें। आगे टीम ने बताया कि सर्पदंश की घटना होने पर काटे हुए जगह को साबुन से धोएं, दांत के निशान की जांच करें, कटे हुए स्थान को स्थिर करें, पीड़ित व्यक्ति को चलने फिरने न दें, घाव के ऊपर बैंडेज बांधे, पीड़ित का धैर्य बंधाएं, घबराहट से बचने को कहें, सांप की पहचान कर शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे, और बताया की झाड़ फूंक के चक्करों से बचें इससे नुकसान हो सकता है। आगे बताते चलें कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में सूचीबद्ध छह नुक्कड़ टीम जिले के विभिन्न पंचायतों की जनता को सड़क दुर्घटना, बाढ़, सर्पदंश तथा वज्रपात से संबंधित घटनाओं के बारे में अपने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक कर रही है। आगे उप निदेशक परिमल कुमार ने बताया कि सभी छह टीमों के द्वारा प्रतिदिन दो निर्धारित स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जाएगा तथा प्रस्तुति की मॉनिटरिंग हेतु ट्रेनी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमन कुमार आकाश की अध्यक्षता में एक टीम का गठन किया गया है।

# मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा पाँच अपराधी पकड़े गये

चाणक्य भूमि मोतिहारी



सदर एएसपी शिखर चौधरी ने बताया कि गांधी मैदान में तीन युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस द्वारा उनसे गहन पूछताछ में जानकारी के आधार पर कोटवा थाना क्षेत्र और चकिया के बारे में जानकारी मिली। जब छापेमारी की गई तो वहां से मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ।

इस पूरे प्रकरण में छह देसी पिस्टल, 73 जिंदा गोली, 9 मैगजीन, तीन अर्ध निर्मित मैगजीन, चाकू और गोली बंदूक बनाने वाले यंत्र को बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि हथियार दूसरे जिलों में भी सप्लाई की जाती थी। पुलिस इस धंधे में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है ।

# श्री नारायण सिँह कॉलेज के नए प्राचार्य का छात्रों ने किया स्वागत

चाणक्य भूमि मोतिहारी



पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी शहर के श्री नारायण सिँह कॉलेज में नए प्राचार्य प्रो. नवल किशोर बैठा के आगमन होने पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई ) द्वारा उनका स्वागत किया गया। प्राचार्य को फूल माला एवं अंग वस्त्र भेंटकर उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य श्री बैठा ने बताया की वे पूर्व में बेतिया के महारानी जानकी कुंवर कॉलेज में अपनी सेवा दें चुके हैं। उन्होंने बताया की महाविद्यालय कैंपस में पढ़ाई का वातावरण हो, किसी भी विद्यार्थी को कोई भी शिकायत हो तो आकर मुझसे मिल सकता है। शैक्षणिक व अनुशासन युक्त माहौल के लिए हम प्रतिबद्ध है किसी भी असमाजिक गतिविधि पाए जाने पर महाविधालय द्वारा सख्त कदम उठाया जाएगा।

मौके पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष और छात्र संघ अध्यक्ष आशीष कुमार ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू यादव भी मौजूद रहे और प्राचार्य को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कई छात्र नेता उपस्थित थे, जिनमें अमन सिन्हा, आकर्ष कुमार तिवारी, आदित्य श्रीवास्तव, अमन चौबे, शामिल थे। सभी ने मिलकर प्राचार्य के नेतृत्व में कॉलेज की उन्नति की उम्मीद जताई। छात्रों ने कहा की प्राचार्य नवल किशोर बैठा सर शांति प्रिय व्यक्ति है यह सम्मान न केवल प्राचार्य का सम्मान है बल्कि कॉलेज के छात्रों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल का भी प्रतीक है।

# पुलिस ने विभिन्न कांडों के जब्त शराब को किया नष्ट

चाणक्य भूमि मधुबनी

जयनगर थाना के परिसर में मंगलवार के दिन गड्ढे खोदकर जब्त नेपाली शराब को विनिष्टीकरण किया गया है। बताते चलें की विभिन कांडों में जब्त किए गए 7830,960 लीटर शराब का विनिष्टीकरण किया गया है।

विनिष्टिकरण के दौरान अंचलाधिकारी कुमारी सुजाता, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष जयनगर अंकुर कुमार, उत्पाद निरीक्षक संजीत पासवान, अपर थानाध्यक्ष गोपाल कृष्ण, एस आई मनोज कुमार, एस आई संतोष कुमार उस दौरान मौजूद थे। थानाध्यक्ष अंकुर कुमार ने कहा कि शराब और इसके कारोबार को लेकर प्रशासन बिलकुल सख्त है और शराब को लेकर क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही उन्होंने कहा कि शराब के धंधे को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। और आगे कहा की जयनगर थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों को शराब के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान जारी रखने का निर्देश भी दिया तथा विभिन्न कांडों में बरामद शराब का विनीष्टीकरण किया गया।

अपर थानाध्यक्ष गोपाल कृष्ण ने बताया कि शराब कारोबारी पर लगातार नकेल कसी जा रही है। आगे हम बताते चलें कि शराब बंदी और शराब विनीष्टीकरण पुलिस प्रशासन की एक बड़ी मुहिम है।जिसे हर हाल में पूरा किया जाना है और शराब पीने वाले और शराब कारोबारियों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनाकर शराब कारोबार से जुड़े लोगों पर कड़ी से कड़ी कारवाई की जा रही है।

# मादक पदार्थ तस्करी की योजना नाकाम, 27 बंडल गाँजा बरामद

चाणक्य भूमि मोतिहारी



गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नेपाल से टैंकर में छुपाकर गाँजा जैसा मादक पदार्थ भारी मात्रा में लाया गया है। जिसे सरदार जी नामक गैरेज में छुपाकर रखा गया है जो गैरेज पीपराकोठी एवं मुफसिल थाना के आसपास अवस्थित है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-02 पीपराकोठी के नेतृत्व में मुफसिल थाना को उक्त मादक पदार्थ की बरामदगी एवं गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। प्राप्त निर्देश के आलोक में परिक्ष्यमान् पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष, मुफसिल थाना, जिला आसूचना इकाई के टीम एवं आसपास के थानों द्वारा द्वारा अपने दल-बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए अंचलाधिकारी संध्या कुमारी सदर के उपस्थिति में सघन छापमारी कर एन०एच०-28 बैरिया देवी माई स्थान के समीप सरदार जी गैरेज से हल्का गड्डानुमा बना हुआ जमीन में रखा हुआ प्लास्टिक के बड़ा बड़ा बण्डल पैक किया हुआ 27 बंडल, जिसका वजन लगभग 399.400 कि०ग्रा० गाँजा बरामद किया गया है। इस संदर्भ में मुफसिल थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। वही छापेमारी टीम मे जितेश पाण्डेय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 02 पीपराकोठी, शिप्रा राजपूत परिक्ष्यमान् पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष मुफसिल,पु०नि० मनीष कुमार अपर थानाध्यक्ष मुफसिल,पु०नि० खालिद अख्तर थानाध्यक्ष पीपराकोठी,पु०नि० राजरूप राय थानाध्यक्ष कोटवा,पु०अ०नि० सुधीर तिवारी मुफसिल, पु०अ०नि० मटरू यादव मुफसिल,परि०पु०अ०नि० गोपाल कुमार मुफसिल, स०अ०नि० रंजीत कुमार यादव मुफसिल,जिला आसूचना इकाई के टीम, पैंथर एवं सशस्त्र बल मुफसिल मौजूद थे।

# जिला परिषद कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



चाणक्य भूमि मोतिहारी

जिला परिषद मा० अध्यक्षा के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, पूर्वी चम्पारण का स्थानान्तरण सूचना उपरांत मा० अध्यक्षा ममता राय द्वारा जिला परिषद कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर मा० अध्यक्षा ने बताया कि उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बहुत ही कम समय में जिला परिषद के कार्यों एवं योजनाओं को बहुत ही सुचारु एवं अग्रसर होके इन्होंने अपना योगदान दिया जिला परिषद इनका आभारी रहेगा।मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष गीता देवी, शशि भूषण राय उर्फ गप्पु राय, अखिलेश्वर यादव उर्फ भाई जी, संजीव कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य नसीमा खातून, ईश्वरचंद्र मिश्र, मनोज मुखिया, सदफ खानम, सुनैना देवी, आभा कुमारी, सुमन वर्मा, तौसीफुर रहमान, दिलीप कुमार, कृष्ण दास, रिंकू कुमारी, श्रवण यादव, किरण कुशवाहा, परमानंद पटेल, सुरेश प्रजापति, आदित्य मिश्रा, अर्जुन सिंह, रामभरोस, सुधीर कुमार, भरत प्रताप, राजेश कुमार, शिवम कुमार, विक्रम कुमार, सुधीर कुमार एवं जिला परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

# युवा राष्ट्रीय जनता दल जिला कमिटी एवं प्रखंड कमेटी का बैठक आयोजित

चाणक्य भूमि मोतिहारी



जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में जिला युवा राष्ट्रीय जनता दल का जिला कमिटी एवं प्रखंड कमेटी का महत्वपूर्ण बैठक हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठे कि अध्यक्षता जिला युवा अध्यक्ष नुरुल होदा अंसारी एवं मंच संचालन युवा प्रदेश सचिव अवनीश यादव ने किया। इस अवसर पर इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष राजद सह विधायक मनोज कुमार यादव एवं विधायक शशि कुमार सिंह उपस्थित थे। इन दोनों विधायकों को नए युवा राजदअध्यक्ष नूरुल होदा अंसारी ने शाल ओढ़ाकर कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर युवा राष्ट्रीय जनता दल के जिला युवा राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष नुरुल होदा अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी प्रसाद यादव के परामर्श पर युवा प्रदेश राजद अध्यक्ष राजेश यादव ने जो विश्वास हम पर करके अध्यक्ष बनाए हैं इस पर में जिले में संगठन को मजबूत करने का कोशिश करूंगा। उन्होंने जिले से सभी आए युवा कार्यकर्ताओं को अभी से मिशन 2025 में तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनने के लिए कमर कस लेने को कहा उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी में समर्पित कार्यकर्ता को उचित स्थान दिया जाएगा। संगठन को नया बनाकर उसे धारदार बनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला राजद अध्यक्ष सह विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि युवा कार्यकर्ता पार्टी की रिहर होती है हमारे नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी युवा हैं उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव का बिहार दौरा का पहला चरण कार्यकर्ता संवाद शुरू हो चुका है। इस करी में मोतिहारी में भी उनका आगमन होगा उन्होंने युवा साथी से कहा कि गांव-गांव में जाकर लोगों को बताएं कि तेजस्वी प्रसाद यादव के 17 महीने के शासनकाल में कितनी नौकरियां मिली आरक्षण के मुद्दे को उठाएं भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाएं उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। इस अवसर पर जिला राजद अध्यक्ष सह विधायक मनोज कुमार यादव विधायक शशि सिंह विधायक राजद प्रधान महासचिव सुरेश साहनी युवा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय निराला युवा प्रदेश सचिव अवनीश यादव युवा प्रधान महासचिव कुमार शिवम शाह राजद मीडिया प्रभारी जावेद अहमद महिला सेल की अध्यक्ष पूनम देवी अरुण कुशवाहा राजदेव यादव सोनू पांडे मुन्ना पंडित मुन्नी लाल यादव लालबाबू खान अरुण यादव शोकीलाल साहनी जय लाल पटेल चंदन सिंह कुशवाहा नबी हसन परवेज आलम विजय यादव अभिलेख जहां रंजीत भगत कन्हैया पाल अनिल कुमार यादव दीपक यादव चंदेश्वर यादव इत्यादि उपस्थित थे।

# महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मायर, कैस्पर्क न्यूजीलैंड टीम में शामिल

**एजेंसी, वेलिंगटन**



न्यूजीलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात में आगामी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज रोजमेरी मायर और ऑफस्पिनर लेघ कैस्पर्क को शामिल किया है। इस साल की शुरुआत में मार्च में इंग्लैंड के न्यूजीलैंड दौरे के टी20ई चरण के दौरान मायर को पीठ में चोट लग गई थी, जिससे वह बाद के एकदिवसीय मैचों और फिर जून-जुलाई में वापसी दौरे से बाहर हो गईं। दूसरी ओर, ऑफ स्पिनर कैस्पर्क ने इंग्लैंड की उस यात्रा के टी20ई चरण में एक साल के बाद न्यूजीलैंड में वापसी की, और वह विश्व कप में टीम के स्पिन रिजर्व को मजबूत करेंगी जो कि उनका चौथा विश्व कप होगा। इस बीच, सोफी डिवाइन, जो टूर्नामेंट के बाद टी20ई कप्तानी छोड़ देंगी ने कहा, "महिलाओं के खेल के विकास में टी20 विश्व कप एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है और यह सोचना मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि जब से इसकी शुरुआत हुई है तब से मैं इसमें खेल रही हूं।" उन्होंने कहा, "मैं वास्तव में विश्व स्तरीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के एक और अवसर की प्रतीक्षा कर रही हूं जो ट्रॉफी घर ले जाने की होड़ में हैं।" मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, "मैं वास्तव में इस टीम से खुश हूं, मुझे लगता है कि ये हमारे सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं जो संभावित विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढल जाएंगे।" विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले यही टीम 19 से 24 सितंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी खेलेगी। विश्व कप में न्यूजीलैंड मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है। वे अपने दो अभ्यास मैच दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलेंगे और 4 अक्टूबर को भारत के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेंगे।

**न्यूजीलैंड की टीमः** सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, इज़्ज़ी गेज़ (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फ्रैन जोनास, लेह कैस्पर्क, जेस केर, मेली केर, रोज़मेरी मायर, मौली पेनफ़ोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्नाह रोवे, ली ताहुहु।

# पेरिस पैरालिंपिक से स्वदेश लौटने पर भारतीय दल का हुआ जोरदार स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पेरिस पैरालिंपिक में इतिहास रचने के बाद भारतीय दल आज नई दिल्ली लौट आया है। आईजीआई एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत हुआ। भारतीय दल ने पैरालिंपिक में 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदक जीते। ऐतिहासिक अभियान के समापन के बाद, भारत ने 2020 में टोक्यो में 19 पदक के अपने पिछले रिकॉर्ड पदक को पार कर लिया, जो टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में हासिल किया गया था। भारत इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को 18वें स्थान पर रहा।

पैरा-शूटर अवनि लेखरा दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, वह 249.7 अंकों के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 शूटिंग खिताब का बचाव करने में सफल रहीं। भारत ने पहली बार पैरा-एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एक-द्वितीय स्थान दर्ज किया, जिसमें धरमबीर और परनव सूरमा ने पुरुषों की क्लब थ्रो एफ 51 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। यह इस खेल में भारत के पहले पदकों में से एक था। धर्मबीर ने 34.92 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। टी64 ऊंची कूद स्पर्धा में, प्रवीण कुमार 2.08 मीटर की एशियाई रिकॉर्ड-तोड़ छलांग के साथ पोडियम के शीर्ष पर रहे, जिससे भारत को छठा स्वर्ण पदक मिला। भारत ने प्रतियोगिता सात स्वर्ण पदकों के साथ समाप्त की। भारत को ओलंपिक और पैरालिंपिक में अपना पहला तीरंदाजी चैंपियन भी मिला, जिसमें हरविंदर सिंह ने पोलैंड के लुकाज़ सिसज़ेक के खिलाफ व्यक्तिगत रिकर्व पैरा-तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल अपने पैरालिंपिक खिताब का बचाव करने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए, जिन्होंने 70.59 मीटर के आश्चर्यजनक पैरालंपिक रिकॉर्ड-ब्रेक थ्रो के साथ एफ 64 स्पर्धा में बैक-टू-बैक स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने टोक्यो 2020 के दौरान बनाए गए अपने ही पिछले रिकॉर्ड को एक बार नहीं, बल्कि तीन बार तोड़ा।

# अमेरिका कप नौकायन : फ्रेंच ओरिएंट एक्सप्रेस यॉट बाहर, आईएनईओएस-ब्रिटानिया बोट शीर्ष पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**





बार्सिलोना में चल रहे अमेरिका कप में सोमवार को दूसरे राउंड-रॉबिन श्रृंखला में रेसिंग के आखिरी दिन के बाद बाहर होने वाली छह उम्मीदों में से फ्रेंच ओरिएंट एक्सप्रेस यॉट पहली थी। अमेरिका कप एक नौकायन प्रतियोगिता है और किसी भी खेल में अभी भी संचालित होने वाली सबसे पुरानी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है।

बार्सिलोना में खराब मौसम के कारण रविवार की रेस स्थगित होने के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना के लिए फ्रांसीसियों को जीत की जरूरत थी, लेकिन उन्हें ब्रिटेन की आईएनईओएस-ब्रिटानिया बोट ने हराया और छह-नौका समूह में दो राउंड रोबिन श्रृंखला में से केवल एक जीत के साथ अंतिम स्थान पर रहने के बाद बाहर हो गए। दिन की दूसरी दौड़ में स्विट्जरलैंड की अलिंगी रेड बुल रेसिंग नौका का सामना करने की तैयारी में कोर्स की सीमाओं से परे जाने के बाद इतालवी लूना रॉसा प्रादा पिरेली को अयोग्य घोषित कर दिया गया। स्विस को अब सेमीफ़ाइनल में जगह मिल गई है, लेकिन अयोग्यता का मतलब है कि लूना रॉसा ने समूह में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। सोमवार की अन्य रेस का क्वालीफिकेशन पर कोई असर नहीं पड़ा और टीम एमिरेट्स-न्यूजीलैंड ने एनवाईसी अमेरिका मैजिक को हरा दिया।

# यूएस ओपन से जल्दी बाहर होने के बाद डेविस कप के लिए तैयार कार्लोस अल्कराज

**एजेंसी, मैड्रिड**




स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज इस सप्ताह के अंत में डेविस कप के ग्रुप चरण में स्पेन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। स्पेन का कठिन ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य और फ्रांस से मुकाबला होगा, जिसके मैच वालेंसिया में खेले जाएंगे। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में, अल्कराज से यूएस ओपन में दूसरे दौर में निराशाजनक हार के बाद उनकी फिटनेस के बारे में पूछा गया। उन्होंने स्वीकार किया कि, न्यूयॉर्क में, वह उस स्तर पर खेलने में कामयाब नहीं हुए जो उन्हें पसंद था। उन्होंने कहा, "उस स्तर पर प्रदर्शन करना बहुत मुश्किल है जो आप हर दिन चाहते हैं, और आपको करना होगा चीजें जैसी भी आएं उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार रहें।" अल्काराज़ ने कहा कि प्रशिक्षण में कमी और बहुत तीव्र गर्मी के कारण बाद उनमें तैयारी की कमी थी, उन्होंने जोर देकर कहा कि हालंकि अब वह "घर पर डेविस कप खेलने के लिए अच्छा और प्रेरित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "मानसिक रूप से मैं सुधार जारी रखने के लिए बहुत उत्सुक और प्रेरित हूं, और शारीरिक रूप से मैंने डेविस कप और जो आने वाला है उसका सामना करने के लिए न्यूयॉर्क में हारने के बाद से अच्छा काम किया है।" अल्काराज ने खुलासा किया कि बोटिक वैन डे ज़ैंडस्चुल्प से यूएस ओपन में हार के बाद, वह अन्य रुचियों के साथ समय बिता रहे थे। उन्होंने कहा, "मेरे पास अपने दिमाग को शांत करने के लिए कुछ दिन थे। लेकिन हमने सोचा कि सबसे अच्छी बात प्रशिक्षण पर वापस जाना और शारीरिक रूप से फिट होना है।"

## व्यापार

# सोना महंगा होने की आशंका से सितंबर में ही शुरू हुई शादियों की खरीदारी

### दीपावली तक नए शिखर पर पहुंच सकता है सोना का भाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**




इंटरनेशनल मार्केट में सोने के भाव में आए उछाल और घरेलू शेयर बाजार में भी सोने के नए शिखर पर पहुंचने की संभावनाओं की वजह से इस साल सितंबर में ही सोने की खरीदारी में तेजी आ गई है। नवंबर में शुरू होने वाले शादी के सीजन के लिए अभी से ही ज्वेलर्स के पास एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। दावा किया जा रहा है कि सितंबर के महीने में गोल्ड ज्वेलरी की बिक्री और एडवांस बुकिंग में 50 प्रतिशत तक की तेजी आ गई है। उल्लेखनीय है कि देश में फिलहाल 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है। मार्केट के एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि दीपावली और उसके बाद शादी का सीजन शुरू होने पर सोना 76 हजार रुपये के स्तर को भी पार कर सकता है। गणेश चतुर्थी के साथ ही देश में फेस्टिवल सीजन की शुरुआत भी हो गई है। हालांकि इस बीच श्राद्ध यानी पितृ पक्ष का पखवाड़ा भी आएगा। इस पखवाड़े में सोने की खरीदारी में कुछ कमी जरूर आती है, लेकिन इसके बाद नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही सोने की खरीदारी में भी तेजी आ जाएगी। जानकारों क्या कहना है कि फेस्टिवल सीजन में आमतौर पर सोने के निवेश के प्रति लोगों का रुझान बढ़ जाता है। ऐसे में शादी के सीजन के लिए गोल्ड मार्केट में फ्रेश बुकिंग होने से सोने के भाव में और तेजी आने की संभावना बनी हुई है।

दिल्ली सर्राफा बाजार के कारोबारी सुधांशु बंसल का कहना है की दिवाली के आसपास हर साल सोने के भाव में तेजी आ जाती है, क्योंकि पारंपरिक तौर पर लोग धनतेरस या दिवाली के दिन सोने की खरीदारी करना शुभ मानत हैं। दिवाली के बाद शादी का सीजन शुरू हो जाता है, जिसमें सोने की मांग और बढ़ जाती है।बंसल का कहना है कि घरेलू मांग से इतर अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी इन दोनों सोना लगातार नई ऊंचाई को छू रहा है। मिडिल ईस्ट के तनाव और रूस-यूक्रेन जंग की वजह से वैश्विक स्तर पर निवेशकों की चिंता बढ़ी हुई है। इस वजह से निवेशक सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही कई देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा की गई सोने की खरीदारी से भी सोने की मांग में इजाफा हुआ है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2,500 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर के ऊपर पहुंचकर कारोबार कर रहा है। 18 सितंबर को अमेरिकी फेडरल रिजर्व भी ब्याज दरों को लेकर अपने फैसले का ऐलान कर सकता है। माना जा रहा है कि ब्याज दरों में कटौती होने पर सोने के भाव में और तेजी आ सकती है। अगर ऐसा हुआ तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2,600 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर तक भी पहुंच सकता है। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का भी कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी और घरेलू बाजार में सोने की मांग में इजाफा होने के अनुमान की वजह से इस साल दिवाली तक सोने के भाव में उछाल आने की उम्मीद की जा रही है। हालांकि बजट में सोने पर लगने वाली ड्यूटी में हुई कटौती के कारण सोने के भाव में एक बार तो करेक्शन का दौर बना है, लेकिन माना जा जा रहा है कि आने वाले समय में इंटरनेशनल मार्केट की तेजी और घरेलू डिमांड में होने वाली बढ़ोतरी के कारण इस साल सोना 76 हजार प्रति 10 ग्राम के ऊपर जा सकता है। यही वजह है कि लोग अभी से ही शादी के सीजन के लिए ज्वेलर्स के पास सोने के जेवरात के लिए एडवांस बुकिंग करने लगे हैं, ताकि उन्हें सोने की खरीदारी पर ऊंचे दर पर भुगतान न करना पड़े।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**




घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डिवीज लेबोरेट्रीज, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन और एलटी माइंडट्री के शेयर 3.36 प्रतिशत लेकर 0.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, बजाज फिनसर्व, श्रीराम फाइनेंस और बजाज फाइनेंस के शेयर 3.10 प्रतिशत से लेकर 1.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,306 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,826 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 480 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 209.18 अंक उछल कर 81,768.72 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 81,801.22 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स ने इस सूचकांक में लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 50.82 अंक की गिरावट के साथ 81,508.72 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज 63 अंक की मजबूती के साथ 24,999.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने से ये सूचकांक उछल कर 25,014.80 अंक के स्तर पर पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से थोड़ी इधर में ही ये सूचकांक लुढ़क कर लाल निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 14.20 अंक की गिरावट के साथ 24,922.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 375.61 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,559.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 84.25 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,936.40 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

# सीएसईपी के मानद अध्यक्ष राकेश मोहन ने वित्त मंत्री सीतारमण से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) के मानद अध्यक्ष और प्रतिष्ठित फेलो राकेश मोहन ने मंगलवार को यहां मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात का विस्तृत ब्यौरा अभी नहीं मिला है।

वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) के मानद अध्यक्ष और प्रतिष्ठित फेलो राकेश मोहन ने राजधानी नई दिल्ली स्थित नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की है। सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) एक स्वतंत्र भारतीय सार्वजनिक नीति थिंक टैंक है। उल्लेखनीय है कि राकेश मोहन सीएसईपी के मानद अध्यक्ष एवं विशिष्ट फेलो हैं। इससे पहले वे अक्टूबर 2020 से लेकर मई 2023 तक इसके अध्यक्ष और प्रतिष्ठित फेलो रह चुके हैं। राकेश मोहन को मार्च 2024 में विश्व बैंक समूह के आर्थिक सलाहकार पैनल में सेवा देने के लिए नियुक्त किया गया था। इसके साथ ही वे अक्टूबर 2021 से प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) का हिस्सा हैं।

# 2030 तक एक करोड़ इकाई का होगा भारत का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार : गडकरी

### मंत्री ने कहा-भारत जल्द ही लिथियम-आयन बैटरी के निर्यात की स्थिति में होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार वर्ष 2023 तक एक करोड़ इकाई सालाना बिक्री के आंकड़े को छू लेगा। इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही लिथियम-आयन बैटरी निर्यात करने की स्थिति में होगा। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी नई दिल्ली में आयोजित सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 64वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। गडकरी ने कहा कि भारत भविष्य में दुनिया का शीर्ष वाहन विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार 2030 तक एक करोड़ इकाई सालाना तक पहुंच सकता है। इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ईवी बाजार की क्षमता वर्ष 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि लिथियम-आयन बैटरियों की लागत में और कमी आने की उम्मीद है, जिससे किफायत में मदद मिलेगी और इस प्रकार बड़े पैमाने पर इसकी स्वीकार्यता में तेजी आएगी। दरअसल एक अनुमान के मुताबिक ईवी वित्तपोषण बाजार का आकार 4 लाख करोड़ रुपये है। उल्लेखनीय है कि सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स एक गैर-लाभकारी शीर्ष निकाय है। यह देश में सभी प्रमुख वाहन और वाहन इंजन निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है।

# भाजपा संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित

चाणक्य भूमि बेतिया



आज भाजपा जिला कार्यालय के सभागार में भाजपा संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में सांसद डॉ संजय जायसवाल जी उपस्थित थे। प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी सरोज रंजन पटेल किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री नन्द प्रसाद चौहान जिला प्रभारी विनोद सिंह लोकसभा प्रभारी शैलेंद्र मिश्रा जिला उपाध्यक्ष सह लोकसभा संयोजक रवि सिंह महामंत्री मुन्ना तिवारी सदस्यता अभियान संयोजक शिवेंद्र शिबू पन्ना लाल साह की मुख्य रूप से उपस्थिति रही।

माननीय सांसद डॉ संजय जायसवाल जी कहा कि सभी मोर्चा अपने अपने समाज के बीच में जाने का काम करेंगे भाजपा के कार्यकर्ता वैसे सभी क्षेत्रों में सदस्यता अभियान को गति दे रहे हैं लेकिन जहां नही पहुंच रहे वहां युवा मोर्चा युवाओं के बीच अति पिछड़ा मोर्चा पिछड़ा समाज में किसान मोर्चा किसान भाईयों के यहां अनुसूचित जनजातियों मोर्चा अपने क्षेत्र में अनुसूचित जाति मोर्चा अपने समाज में महिला मोर्चा देश के आधी आबादी के पास जाकर सदस्य बनाने अल्पसंख्यक मोर्चा अपने अल्पसंख्यक भाईयों के पास जाकर सदस्य बनाने का काम करें।

बेतिया जिला संगठन को पाँच लाख सदस्य बनाना है हर बूथ पर कम से कम तीन सौ बनाने है पार्टी के सभी स्तर के कार्यकर्ता को भी अपने स्तर से कम से कम पांच सौ सदस्य बनाना है।

# सदस्यता अभियान हेतु संयुक्त कार्यशाला का आयोजन

चाणक्य भूमि बगहा



भाजपा कार्यालय में जिले के सातों मोर्चा का सदस्यता अभियान 2024 हेतु संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में बगहा विधायक राम सिंह की उपस्थिति रही।

सदस्यता अभियान 24 हेतु भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी मोर्चा को इस अभियान में लगाया है। इसी निमित आज संयुक्त मोर्चा का कार्यशाला का आयोजन कर मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान को गति देने के लिए प्रशिक्षित किया गया।कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी ह्रदया दुबे,सह प्रभारी चंद्रभूषण सिंह,जिला उपाध्यक्ष ऋतु जायसवाल, बिरेंद्र तिवारी, नंदकिशोर राम, जिला महामंत्री अचिंत्य कुमार लल्ला, सुजीत चौरसिया, जिला प्रवक्ता राकेश चंद्र राव, किसान मोर्चा के अध्यक्ष चंद्रशेखर पांडेय, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती बिजया सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुजीत सिंह,SC मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद राम,युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष धनरंजन कुशवाहा, जिला मंत्री अमित पांडेय, विजय साहू, बिमला देवी, शैलेश दुबे, शंभू सिंह, उज्जवल पांडेय के साथ साथ बगहा भाजपा के कार्यकर्ता बंधुओ की उपस्थिति रही।

# पुलिस के साथ झड़प मामले में 19 नामजद व 10 अज्ञात पर मामला दर्ज

चाणक्य भूमि बगहा

**» मुखिया पति समेत 8 को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल, अन्य की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी**

सोमवार के दिन पटखौली पुलिस व रामपुर पंचायत के मुखिया पति तथा पुत्र के बीच हुई झड़प में पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के द्वारा मामले में 19 लोगों के विरुद्ध नामजद तथा 10 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने मुखिया पति शेषनाथ बीन, मुखिया पुत्र धीरज कुमार व नीरज कुमार, झक्कड़ बीन, बृजेश बीन, विजय बीन व अमरनाथ समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पटखौली थाना लगातार प्रयासरत है। जिसमें लौकरिया थाना की पुलिस भी सहयोग कर रही है।

एसपी सुशांत कुमार सरोज ने मामले पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए बताया कि मुखिया पति समेत आठ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं मुखिया की कुंडली खंगालीं जा रही है। उन्होंने बताया की मुखिया अगर किसी केस में जमानत पर है तो उनका जमानत रद्द करने के लिए न्यायालय से अनुरोध किया जाएगा ।







# नगर परिषद के द्वारा मानव श्रृंखला का आयोजन

चाणक्य भूमि बगहा

मंगलवार को नगर परिषद बोर्ड की बैठक के बाद विधायक राम सिंह के अगुवाई में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बगहा कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने बताया की स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर, 2014 को हुई थी। इस अभियान का मकसद आस-पास की सफ़ाई करना, पौधा लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अभियान के लिए राजकोट, गुजरात की भाग्यश्री शेठ ने 'एक कदम स्वच्छता की ओर' टैगलाइन दी थी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा कैंपेन 14 सितंबर से एक अक्टूबर 2024 एवं स्वच्छ भारत दिवस 2 अक्टूबर का आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष का थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता रखा गया है। इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से तीन भागों में बांटा गया है, स्वच्छता की भागीदारी, श्रमदान के माध्यम से सैंपर्न स्वच्छता, सफाई मित्र, सुरक्षित शिविर,

स्वच्छता की भागीदारी के अंतर्गत नगर परिषद बगहा में स्वच्छता पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता शपथ दिलवाया गया। मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता की जानकारी का प्रचार प्रसार किया गया। सेल्फी प्वाइंट तथा आरआर आर सेंटर का निर्माण किया गया।

# उपमहापौर ने कहा निगम में हो रहे भ्रष्टाचार के जिम्मेवार अवैध कर्मचारी

चाणक्य भूमि बेतिया




**» बोर्ड की बैठक न होना नगर की विकास के लिए घातक- उपमेयर**

नगर आयुक्त एवं मेयर के आमने सामने टकराव को लेकर आज नगर निगम में पूर्व से प्रस्तावित सामान्य बोर्ड की बैठक स्थगित कर दिया गया है। जो बेतिया की जनता की विकास के लिए बाधक है। इस बाबत नगर निगम की उपमेयर गायत्री देवी ने कड़ा दुःख जताया है। उन्होंने कहा है कि आज की बोर्ड की बैठक महत्वपूर्ण थी। बोर्ड में नगर की विकास पर चर्चा होनी थी परन्तु इसे स्थगित कर दी गई है। यह दुःख की बात है। निगम की जनता के साथ छलावा है।

उन्होंनें कहा कि मैंने नगर निगम में हो रहे घोर भ्रष्टाचार पर समय-समय से आवाज उठाते आई हूं परंतु मेरी आवाज को दबा दिया जा रहा था । नगर निगम में हो रहे भ्रष्टाचार का जिम्मेवार नगर निगम में कार्यरत अवैध कर्मी है। जिनसे नगर निगम की सभी अवैध कार्यो का निष्पादन कराई जाती है।

इन सभी अवैध कर्मियों पर पूर्व से ही माननीय उच्च न्यायालय पटना में केस विचाराधीन है तो फिर कैसे अवैध कर्मियों से काम लिया जा रहा है।

उपमहापौर ने आगे बताया कि नगर निगम में कार्यरत (जे०ई )कनीय अभियंता सुजय सुमन के ऊपर भी आय से अधिक संपति अर्जित करने के मामले में मुजफ्फरपुर निगरानी कोर्ट ने केस न० 031/2020 दर्ज किया था । और इनके विभिन्न आवासों पर दिसम्बर 2020 में निगरानी विभाग की टीम द्वारा छापेमारी कर इनकी अवैध कमाई 1.06 करोड़ रुपए एवं इनके लांकर से 1.38 लाख रुपए के गहने बरामद किया गया था। इसके बाद इनपर कार्यवाही करते हुए इन्हें मधेपुरा नगर परिषद में स्थानांतरित कर दिया गया था।बड़ा सवाल यह है की आखिर किस परिस्थिति वश इनको मधेपुरा से स्थानांतरित कर पुनः बेतिया नगर निगम में बुलाया गया। और तो और फिर कैसे इनको करोड़ों करोड़ों रुपए की विकास योजनाएं दी जा रही है।

आखिर भ्रष्टाचारियों के भरोसे ही क्यों टिकी है बेतिया नगर निगम ।

आख़िर किसके सह पर नगर निगम में खुलेआम सरकारी राशि का लूट खसोट चल रहा है।आखिर इन भ्रष्टाचारियों पर कब कार्यवाही होगी ।




# नहीं रुक रहा है बेतिया के शिक्षा विभाग में भ्रस्टाचार

चाणकय भूमि मझौलिया



**» स्कूल बैग देने के नाम पर भी शिक्षक द्वारा अवैध वसूली का मामला उजागर**

प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्लस टू उत्क्रमित माध्यमिक विधालय रमपुरवा महनवा

एक बार फिर सुर्खियों में है । बिहार शिक्षा परियोजना परिषद शिक्षा विभाग बिहार सरकार द्वारा छात्रों को दिये जाने वाले निशुल्क स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री वितरण में राजकीय मध्य विद्यालय डुमरी महानवा के छात्रों से अवैध वसूली को लेकर ग्रामीणों एवं छात्रों ने मंगलवार को जमकर हंगामा किया। ग्रामीणो और छात्राओं ने बताया कि स्कूल बैग देने के नाम पर शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह और जंगबहादुर पटेल द्वारा अवैध वसूली की गई है।

छात्राओं ने आरोप लगाया कि जिसने नजराना नही दिया उसको निशुल्क स्कूल बैग नही दिया गया।छात्राओं ने इस अवैध वसूली में प्रधानाध्यापक प्रतिमा देवी को भी शामिल बताया है। वही मुन्नी कुमारी, सुमन कुमारी ,रानी कुमारी, निधि कुमारी, पुनिता कुमारी सहित दर्जनों छात्राओं ने बताया कि धर्मेन्द्र सर नजराना नही देने पर कहते हैं कि बैग नही मिलेगा जहां जाना है जाओ।विभाग का ही आदेश है कि राशि लेकर स्कूल बैग देना है।

इसके पूर्व में भी धर्मेन्द्र सिंह और उर्दू शिक्षक आपस में मारपीट किये थे।जिसमें दोनों शिक्षकों का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफीजुर्रहमान द्वारा वेतन अवरुद्ध किया गया था।सूचना पाकर विद्यालय में पहुंचे मुखिया पुत्र उपेन्द्र कुमार ने आक्रोशित ग्रामीणों एवं छात्रों को शांत कराया।तथा एच . एम प्रतिमा देवी और शिक्षक धर्मेंद्र सिंह को शिक्षक धर्म के मर्यादा का पालन करने तथा अवैध वसूली पर रोक लगाने का बात कही। उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों पर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की। बताते चलें कि शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों को डरा धमकाकर विद्यालय से भगाने का प्रयास किया जा रहा था।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफीजुर्रहमान ने बताया कि घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के जियो टैगिंग में मनमानी करने का आरोप

चाणक्य भूमि बेतिया

पश्चिम चंपारण में प्रधानमंत्री आवास योजना को कार्य रूप प्रदान करने के लिए पंचायत स्तर पर अनेक प्रकार के बाधा बेड़ा के मार्ग से संभावित लाभुकों को गुजरना पड़ता है । आवास सहायक का मनमर्जी चरम पर होने की बात है । आवास योजना में लाभुकों की संख्या पंचायत स्तरीय बैठक के निर्णय के द्वारा होता है । बाद में आवास सहायक के द्वारा जियो टैगिंग के माध्यम से आवंटन प्राप्ति हेतु कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

इसके लिए आवास सहायक की मनमर्जी चलने लगती है । उनकी खुशामदी शुल्क सेवा नहीं करने वालों का टैगिंग नहीं हो पता है । इस प्रकार की कई मामले नौतन प्रखंड में भी सामने आए हैं । वही मझौलिया प्रखंड के चनायन बांध पंचायत में यह मामला काफी गरमाया हुआ है । खुटिया ग्राम वासी एवं वार्ड सदस्य पुत्र राजू कुमार यादव ने लोक जन शिकायत निवारण में वाद दायर कर तत्कालीन एवं वर्तमान आवास सहायक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लाभुकों को नहीं मिल रहा है । उन्होंने आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिए 562 लोगों का नाम शामिल किया गया ।

तत्कालीन आवास सहायक सुनील कुमार के द्वारा सेवा शुल्क के लिए अड़े रहने के कारण जियो टैगिंग नहीं हो सका । मात्र दो व्यक्तियों ने उनकी सेवा कर सके, इसलिए उन्हीं का टैगीग हुआ । समाजसेवी श्री यादव ने वर्तमान आवास सहायक कुलदीप कुमार पर भी आरोप लगाया है कि जियो टैगिंग के लिए मोटी राशि उनके द्वारा मांग की जा रही है । वही बारामती मद की राशि के लिए गरीब एस्बेस्टस के छप्पर वालों को इससे वंचित किया जा रहा है । वही ठकराहा पंचायत में भी प्रधानमंत्री आवास योजना मंद गति से चलने की बात बताई जा रही है ।







# भाकपा माले द्वारा बैठक का किया गया आयोजन

चाणक्य भूमि गौनाहा

सोमवार को मटियरिया पंचायत के सिरसिया गांव में हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत भाकपा माले द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए माले नेता लालजी प्रसाद यादव ने बताया कि देश के आजादी के 78 साल बीतने के बाद भी शोषित वंचित गरीब मजदूर सम्मानजनक जिंदगी जीने से कोसों दूर है बिहार में भाजपा जदयू के गठबंधन की नीतीश सरकार 12 साल से बिहार मे सरकार चला रहे है। अखबारों में बड़े-बड़े होडिंग में छपवा रहे हैं हम बिहार को सुशासन के साथ विकास कर रहे हैं।

माले नेता सुरेश दुबे ने बताया कि सरकार की पोल खुल चुकी हैं, सात निश्चय योजना से लेकर के मनरेगा कन्या विवाह श्रम कार्ड जैसे योजनाओं में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रही है माले नेताओं द्वारा हक दो वादा निभाओ अभियान, गौनाहा प्रखंड के विभिन्न गांवो में ग्रामीण बैठक मे गरीब मजदूर द्वारा बताया गया इंदिरा आवास योजना में नाम जोड़ने के नाम पर 3000 से 5000 रुपया लिया जा रहा है आए दिन अखबार के हेड पन्नों पर महिलाएं बच्चियों के साथ बलात्कार करके हत्या कर दिया जा रहा है यही सुशासन बाबू की न्याय के साथ विकास का मॉडल है। बिहार में भूमि सर्वे का ड्रामा हो रही है इस ड्रामा में गरीबों का रोल नहीं है अगर बिहार में भूमि सर्वे ही करना है तो 2009-10 मे भूमि आयोग कमेटी की गठन नितीश बाबू ने ही कराई थी जिस कमेटी का अध्यक्ष दीनबंधु उपाध्याय का रिपोर्ट बताता है की बिहार में 21 लाख 50 हजार एक और बेनामी ग्रामीण जमीन है उस जमीन को भूमिहीनों में वितरण किया जाए तो 17 लाख परिवारों को आबादी के लिए एक एकड़ जमीन और 5 डिसमिल आवास की भूमि हो जाएगी अधिशेष जमीन सरकारी कार्यों के लिए बच जाएगी जिसमें कॉलेज, विद्यालय, हॉस्पिटल व फैक्ट्री बन सकती है लेकिन दीनबंधु उपाध्याय की रिपोर्ट को पूरा दान में नीतीश जी डाल दिए हैं और जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है।

जिस तरह से मोदी जी ने नोटबंदी कर के काला धन रखने वाले मंत्रियों,पूजी पत्तियों, अधिकारियों का काला धन वाइट मनी में बदल दिया और 200 से ज्यादा गरीब मजदूर लाइन में लग कर के अपना दम तोड़ दिया ठीक उसी तरह से यह सर्वे का खेल हो रही है इस खेल को भाकपा माले किसी भी सूरत पर कामयाब नहीं होने देगी और सर्वे सर्वे की जगह रह जाएगा और नितीश बाबू की सरकार रसातल में चली जाएगी जिस जमीन पर गरीब बसे हैं उसे जमीन का मलकाना हक गरीबों को देना होगा।

कन्वेंशन में उपस्थित घनश्याम मुखिया, हारुन अंसारी,सूरज माझी, नंदू राम, कुदरत मियां,प्रसाद यादव, बालकिशन राम, बसमतिया देवी, अनिल उरांव, शौकत अली, भारत मांझी, विनोद माझी, उमा देवी,कुबेर ठाकुर, छबिया देवी इत्यादि उपस्थित रहे।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714